* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 315

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा


सीएम ने किया 'दिल्ली के दिल' में झारखंड भवन का उद्घाटन




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरा दक्षिणी छोटानागपुर
की लाखों माता-बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

4 सितम्बर, 2024 | अपराह्न 01:00 बजे से
ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम, रांची

**दक्षिणी छोटानागपुर** (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा) **की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

48 लाख
से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख
बहनों के आवेदन स्वीकृत

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 334643 (WOMEN, CHILD DEVELOPMENT & SOCIAL SECURITY) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,000 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो



# उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में 10 किमी की दौड़ क्या व्यावहारिक है?

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड इन दिनों एक नये किस्म की परिस्थिति से जूझ रहा है। प्रदेश में पिछले एक सप्ताह के दौरान जिस तरह से दर्जन भर युवाओं की असमय मौत हुई है, उसने हर व्यक्ति को झकझोर कर रख दिया है। ये युवक झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग में सिपाही बनने के इच्छुक थे, लेकिन दौड़ के दौरान अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने से वे हार्टअटैक के शिकार हो गये, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उजागर हुआ है। सदर अस्पताल के मेडिकल अफसर डॉ शुभम शेखर का कहना है कि बिना प्रैक्टिस और बिना एक्सरसाइज 10 किलोमीटर की दौड़ ठीक नहीं है। दौड़ पूरी करनी है यह सोच कर अभ्यर्थी लगातार भागते हैं, इससे बीपी बढ़ता, तो उन्हें लगता है कि दौड़ की वजह से पसीना आ रहा है। वे इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं, लेकिन जब असहजता महसूस हो, तो तुरंत उन्हें बैठ जाना चाहिए। हार्ट अटैक के लिए उम्र सीमा तय नहीं है। 28 साल से भी कम उम्र के युवा को आर्ट अटैक आ रहा है। वैसे तो मौत पर किसी का नियंत्रण नहीं होता, लेकिन इस तरह की मौत कई सवाल खड़े करती है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पहली बार उत्पाद विभाग में सिपाही बहाली के लिए जो प्रक्रिया अपनायी गयी है, उसमें कुछ खामियों की तरफ ध्यान केंद्रित हो रहा है। जिस तरीके से भर्ती के दौरान दर्जन भर अभ्यर्थियों की मौत हुई है, उसने राज्यवासियों को स्तब्ध कर दिया है। इस मामले में झामुमो और भाजपा एक दूसरे पर दोषारोपण कर रही हैं। भाजपा का कहना है कि नियम के साथ छेड़छाड़ की गयी है। वहीं झामुमो का कहना है कि यह नियमावली पूर्ववर्ती सरकार ने बनायी थी। इस मुद्दे को लेकर असम के मुख्यमंत्री और भाजपा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से हेमंत सोरेन से अपील भी की थी कि उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया 15 सितंबर तक सरकार रद्द कर दे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पूरी प्रक्रिया को तीन दिन के लिए स्थगित कर दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि यह नियमावली पूर्व की सरकार ने बनायी थी, अब हम उसकी समीक्षा करेंगे। दलों के आरोप-प्रत्यारोप तो चलते रहेंगे, यहां सवाल यह है कि जिन दर्जन भर युवाओं ने जान गंवायी है, उनके परिजनों के दुख-दर्द को कौन बांटेगा। नियमावली पहले बने या उसे लागू करने में बदलाव हुआ, ये सवाल उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं। महत्वपूर्ण यह है कि ऐसी नियमावली बनानेवाले आखिर पुलिस के वे कौन अधिकारी थे, जिन्होंने व्यावहारिकता को नहीं देखा। एक घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ क्या व्यावहारिक है। नियम तो अधिकारी बनाते हैं, लेकिन जवाब देना पड़ता है नेताओं को। उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान अभ्यर्थी रात-रात भर लाइन में खड़े रहे और फिर उमस भरी गर्मी में 10 किमी की इतनी कठिन दौड़ पूरी करने के लिए जी-जान लगा दिये। नतीजा सामने है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए 10 किलोमीटर की कठिन दौड़ व्यावहारिक है। इस बहाली प्रक्रिया में इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों ने 10 किमी की दौड़ को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। झारखंड में भी 2016 से पहले छह मिनट में 1600 मीटर की दौड़ की शर्त थी। पड़ोसी राज्य बिहार में आज भी यह नियम लागू है, फिर झारखंड में आखिर पुलिस अधिकारियों ने इतनी कठिन दौड़ की शर्त क्यों रख दी। इस नियमावली को बनानेवाले अधिकारी कौन थे। इन तमाम बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाल रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में पिछले 22 अगस्त से शुरू हुई उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया विवादों में घिर गयी है। यह विवाद इस बहाली प्रक्रिया के दौरान दर्जन भर अभ्यर्थियों की मौत के कारण पैदा हुआ है, जो एक घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी करने की शर्त को पूरा करने के क्रम में जान गंवा बैठे। 20 से 25 वर्ष की उम्र के इन नौजवानों की मौत क्यों हुई, इसे लेकर रिम्स में तीन अभ्यर्थियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा है। रिपोर्ट कहती है कि अभ्यर्थियों की मौत हार्ट अटैक से हुई है। रिपोर्ट को तैयार करनेवाले डॉक्टरों के अनुसार दौड़ के दौरान अचानक अभ्यर्थियों का ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है और वे हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं। हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण गर्मी और 10 किलोमीटर की लंबी और थकाऊ दौड़ है। रिम्स के डॉक्टर का मानना है कि बिना प्रैक्टिस और बिना एक्सरसाइज 10 किमी की दौड़ ठीक नहीं है। दौड़ पूरी करनी है, यह सोच कर अभ्यर्थी लगातार भागते हैं। इससे बीपी बढ़ता है, तो उन्हें लगता है कि दौड़ की वजह से पसीना आ रहा है। वे इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। लेकिन जब असहजता महसूस हो तो तुरंत बैठ जाना चाहिए। हार्ट अटैक के लिए उम्र सीमा तय नहीं है। 28 साल से कम उम्र के भी युवा को हार्ट अटैक आ रहा है।



## क्या थी बहाली की नियमावली और शर्त

बता दें कि झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग में सिपाही के 583 पदों पर नियुक्ति के लिए अगस्त, 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। इस नियुक्ति के लिए जो योग्यताएं तय की गयी थीं, उनमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास थी, जबकि शारीरिक परीक्षा के लिए एक घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी करने के अलावा अन्य सामान्य शारीरिक योग्यताएं शामिल थीं। महिला अभ्यर्थियों के लिए 40 मिनट में पांच किलोमीटर की दौड़ की शर्त रखी गयी थी। इस परीक्षा के लिए पांच लाख, 13 हजार 832 आवेदन आये हैं। 22 अगस्त से शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू हुई थी। यह परीक्षा 4 सितंबर तक चलनी थी। दौड़ प्रतियोगिता के दौरान 2 सितंबर तक लगभग एक दर्जन नौजवाना अपनी जान गंवा बैठे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 1 लाख 27 हजार 572 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए हैं। इनमें 78,023 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इनमें 55,439 पुरुष और 21,582 महिलाएं हैं।

## 2016 में झारखंड में बना नया नियम

झारखंड में यह नियम 2016 में बनाया गया। उससे पहले छह मिनट में 16 सौ मीटर दौड़ने का नियम था। 2016 से पहले झारखंड में सिपाही नियुक्ति में पहले लिखित परीक्षा ली जाती थी। उसमें एक कट ऑफ तय किया जाता था और उतना अंक लानेवाले अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा में शामिल किया जाता था। फिर अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के बाद नियुक्ति पत्र दिया जाता था।

## क्यों बदला गया यह नियम

2014 में सिपाही नियुक्ति के दौरान कट ऑफ मार्क्स को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद मामला हाइकोर्ट में चला गया था। यह आरोप भी लगा था कि शारीरिक परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। उसके बाद तत्कालीन रघुवर दास की सरकार ने नियमावली में संशोधन करने का फैसला किया और 2016 में नयी नियमावली लागू हो गयी।

उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया में समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत पहले दिन से ही शुरू हो गयी थी। राज्य के सात केंद्रों पर शारीरिक परीक्षा आयोजित की गयी थी, वहां यह खयाल नहीं रखा गया कि वह जगह उपयुक्त है या नहीं। अभ्यर्थियों का केंद्र आवंटन में कुछ-कुछ खामियां सामने आयीं। मसलन रांची के एक अभ्यर्थी को साहिबगंज बुलाया गया, तो दूसरे को मुसाबनी, जबकि तीसरे को हजारीबाग, जबकि एक का सेंटर रांची के हटिया में था। बाहर से गये अभ्यर्थियों के लिए उन केंद्रों के आसपास ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं थी। यहां तक कि कई केंद्रों पर शौचालय तक नहीं थे। अभ्यर्थी आधी रात को ही लाइन में लग गये। उन्हें आठ से 12 घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। फिर उन्हें दौड़ने को कहा गया। अब रांची से पलामू गया कोई अभ्यर्थी दिन भर सड़कों पर भटकने के बाद आधी रात को लाइन में खड़ा हो जाये और फिर आठ घंटे खड़ा रहने के बाद उमस भरी गर्मी में 10 किलोमीटर की दौड़ शुरू करे, तो वह बीमार होगा ही। हुआ भी ऐसा ही। कई अभ्यर्थी बेहोश होकर गिरने लगे। उनके लिए शुरू में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था केंद्रों पर नहीं थी। तीन सौ से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हो गये। कुछ की मौत वहीं हो गयी, जबकि कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ को बचाया नहीं जा सका।

### 583 पदों के लिए पांच लाख से अधिक आवेदन

उत्पाद सिपाही के 583 पदों पर नियुक्ति के लिए 22 अगस्त से शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू हुई है। वहीं पलामू में यह 27 अगस्त से शुरू हुई थी। इस परीक्षा के लिए 5,13,832 आवेदन आये हैं। इसके लिए राज्य में सात चयन पर्षद बनया गया है। इसके तहत रोज सात हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों की जांच की जा रही है।

## उठ रहे सवाल

इस बहाली प्रक्रिया में हुई मौतों को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि आखिर पूर्व की नियमावली को बदलने का सुझाव किसने दिया था और किसने इसे अंतिम रूप दिया। फिर व्यवस्थागत खामियों के लिए कौन जिम्मेवार है। अकसर देखा जाता है कि किसी गड़बड़ी की स्थिति में सारा दोष सरकार के मुखिया पर मढ़ा जाता है, जबकि असली दोषी नौकरशाह होते हैं। गड़बड़ी की कीमत सत्ताधारी दल को चुकानी पड़ती है, जबकि उसका इस गड़बड़ी में सीधा हाथ नहीं होता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। विपक्ष इस मामले को लेकर सरकार पर तीखे हमले कर रहा है। पूरे मामले की जांच के साथ प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग हो रही है। विपक्षी दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड सरकार को इस पूरे मामले में दोषी करार दिया है। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की तरफ से इस संवेदनशील मुद्दे को राजनीति से अलग रखने की बात की जा रही है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे मामले की जांच करने और बहाली प्रक्रिया को स्थगित करने का आदेश दे दिया है। यह सियासत चलती रहेगी और सरकारें आयेंगी और जायेंगी, लेकिन असली सवाल तो यह है कि नियमावली जब भी बनी, इसको बनानेवाला कौन था। जिम्मेवारी तय कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से ही नौकरी पाने की चाहत रखनेवाले मृत नौजवानों को इंसाफ मिलेगा और उनके परिवारों को राहत।

# हिमंता बिस्वा सरमा तांत्रिक बाबा हैं, जो सांप्रदायिक भावना को भड़काते हैं: बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा बड़ा आरोप लगाया है। बंधु तिर्की ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार को अस्थिर करने के लिए असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने उनको भी फोन किया था। उन्होंने कहा कि बिस्वा ने उनको तीन साल पहले ही वाट्सअप कॉल किया था। तिर्की ने कहा कि कुछ लोगों को झाड़ फूंक करने की आदत होती है। यही आदत असम के सीएम को भी है, लेकिन झारखंड में उनकी दाल



गलनेवाली नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले एक डेढ़ महीने से एक तांत्रिक बाबा घूम रहे हैं। कहा कि तांत्रिक बाबा से उनका मतलब असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा से है। उन्होंने कहा कि ये ऐसे तांत्रिक बाबा हैं, जो सांप्रदायिक भावना को भड़काते हैं। इसके लिए वह घुसपैठ मुद्दे का सहारा लेकर जहरीली बातें कर रहे हैं। झारखंड का जो सामाजिक ताना-बाना है, उसे बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। तिर्की ने कहा कि झारखंड को लेकर हिमंता बिस्वा सरमा को चिंता होती तो वे बंद एचइसी को खुलवाने की बात करते। एचइसी का अकाउंट फ्रीज हो गया है।

आदिवासी सरना धर्म कोड की बात करते। उन्होंने कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार है, लेकिन उन्होंने एक बार भी इस बारे में बात नहीं की। आदिवासियों के नाम पर दंभ भरना उनकी आदत है। वह असम के मुख्यमंत्री हैं। वहां झारखंड के आदिवासी जो चाय बागान में काम करने गये हैं, उन्हें आदिवासी का दर्जा दें। बंधु ने हिमंता बिस्वा सरमा से सवाल किया कि असम में कितने घुसपैठिये को चिह्नित किया है। यह आंकड़ा देश के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। लेकिन झारखंड में हल्ला मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दावा के साथ कहता हूं मंईयां सम्मान योजना पर भाजपा के लोगों ने पीआइएल दर्ज करायी है। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर को रांची के पुराना विधानसभा में मुख्यमंत्री के सम्मान में मंईयां का सम्मेलन होगा। इसमें 15 विधानसभा क्षेत्र की लगभग 12 हजार महिलाएं शामिल होंगी।

## झारखंड भवन के उद्घाटन पर भाजपा ने किया कटाक्ष

# कब तक भाजपा सरकार की योजनाओं का उद्घाटन करते रहेंगे हेमंत सोरेन: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड भवन के उद्घाटन समारोह पर कटाक्ष किया है। कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा की सरकार की शुरू की गयी योजनाओं के फीता काटने वाले मुख्यमंत्री के रूप में याद किये जायेंगे। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री से पूछा है कि कब तक भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा शिलान्यास और फंड की गयी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे? प्रतुल ने कहा कि वह सिर्फ एक योजना का नाम बता दें, जिसका



शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने ही किया हो। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा सरकार की योजनाओं का फीता काटने वाले मुख्यमंत्री के रूप में याद किये जायेंगे। प्रतुल ने कहा कि झारखंड भवन का भी शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल और वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 18 जनवरी, 2016 को किया था। इसके पूरे फंड की भी व्यवस्था उस समय कर ली गयी थी।मुख्यमंत्री जी सिर्फ फीता काट कर वाह वाही लूट रहे हैं।

प्रतुल ने कहा, यह कोई पहली घटना नहीं कि जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा शुरू की गयी योजनाओं को फीता काट कर मुख्यमंत्री अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं। प्रतुल ने कहा, इसके अतिरिक्त पलामू में कोयल सोन नदी पर बने पुल की भी यही कहानी है। फंडिंग और शिलान्यास भाजपा सरकार की और उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। इसके अतिरिक्त रांची नगर निगम के नये भवन और वेजिटेबल मार्केट की भी योजना और योजना की फंडिंग भाजपा सरकार के समय तैयार हुई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर्फ फीता काटा था। यही स्थिति पलामू और गढ़वा के अनेक पावर सब स्टेशन की रही है।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को कम से कम एक योजना का नाम बताना चाहिए, जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने ही किया हो।

# दुमका में 13 साल की बच्ची के साथ पश्चिम बंगाल के युवक ने किया दुष्कर्म

महादलित समाज की दिव्यांग बच्ची न चल पाती है ना ही ठीक से बोल पाती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक महादलित समाज की दिव्यांग बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। लड़की के चीखने पर उसके परिवार वाले और ग्रामीण इकट्ठे हुए और युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को



गिरफ्तार कर लिया।

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम लड़की अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। वह ठीक से चल नहीं पाती है, न बोल सकती है और न ही सुन सकती है। वहां से करीब आठ किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र का सतीश हांसदा अपने एक रिश्तेदार के यहां पीड़िता के गांव आया हुआ था। उसकी नजर दिव्यांग पर पड़ी तो सुनसान देख सतीश उसे खींच कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह चीखी तो मां की कानों में उसकी आवाज पहुंची। वह दौड़ कर घटनास्थल पर पहुंची और शोर मचा कर अगल-बगल के ग्रामीणों को जमा कर लिया। सबने मिल कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी। रात में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी सतीश हांसदा को गिरफ्तार कर शिकारीपाड़ा थाना ले आयी।

# कांग्रेस नेता से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

अमन साहू के गुर्गे के नाम से फोन कर मांगी रंगदारी, एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाने में कांग्रेस नेता ईश्वर आनंद से अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के नाम पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने को लेकर मंगलवार को एफआइआर दर्ज करायी गयी है। ईश्वर आनंद कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं, पेशे से बिल्डर हैं। उनसे फोन के जरिये कॉल करके रंगदारी मांगी गयी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि लगातार व्यवसायियों और



जमीन कारोबारियों से रांची में रंगदारी मांगी जा रही है। झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, लेकिन इन दिनों अन्य गिरोह की तुलना में अमन साहू गिरोह का उत्पात बढ़ा है। खासकर यह गिरोह राज्य के लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और रांची के कोयलांचल क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है।

# रांची डीसी ने किया डॉ इश्तियाक के मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**डीसी।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए अल्ट्रासाउंड संस्थान मेडिकाना नर्सिंग होम, खलारी रोड बीजूपाड़ा, चान्हो का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। डीसी सह जिला समुचित प्राधिकारी पीसी एवं पीएनडीटी राहुल कुमार सिन्हा ने संस्थान का निबंधन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। साथ ही



संस्थान में अल्ट्रासाउंड कार्य बंद रखने और यूएसजी मशीन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ और स्थानांतरण नहीं करने का आदेश दिया है। संस्थान के ऑनर एवं चिकित्सक डॉक्टर इश्तियाक अहमद है। भारत सरकार के सुरक्षा तंत्रों द्वारा उसे आतंकी गतिविधियों में शामिल बताया गया था। डॉक्टर इश्तियाक अहमद इसी संस्थान में चिकित्सक के रूप में कार्यरत था। संस्थान का निबंधन संख्या 565/2023 को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है।

## सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 से

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम की शुरुआत 10 सितंबर से होगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। कार्रवाई योग्य शिकायत पर त्वरित निदान करना और पुलिस द्वारा बनाये जा रही सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रदर्शित करना इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। साथ ही नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना भी कार्यक्रम का उद्देश्य है।

www.epaper.azadsipahi.in

04 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 315

पीएम मोदी ब्रुनेई पहुंचे, क्राउन प्रिंस ने किया स्वागत








FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of: Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# सीएम ने किया 'दिल्ली के दिल' में झारखंड भवन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र 'दिल्ली के दिल', यानी कनाट प्लेस के बंगला साहिब रोड में नवनिर्मित झारखंड भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली पूरे देश की राजधानी है। यहां से देश के विभिन्न प्रदेशों, केंद्र शासित प्रदेशों आदि का क्रियान्वयन किया जाता है। दिल्ली का मुख्य केंद्र बिंदु कनॉट प्लेस है, जिसको ब्रिटिश राज के समय से ही 'देश का दिल' कहा जाता है। झारखंड सरकार की पहल थी कि इस स्थान पर झारखंड का अपना अस्तित्व, कार्यालय या उपलब्धता रहे। विदित हो कि पहले से झारखंड सरकार का भवन दिल्ली के बसंत विहार में स्थित है। कनॉट प्लेस केंद्र होने के कारण सबसे लोकप्रिय माना जाता है। जहां आज इस नये झारखंड भवन का उद्घाटन किया गया। भवन निर्माण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा इसका निर्माण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन बहुत दिनों से प्रतीक्षारत था। आज इसका उद्घाटन हमारे लिए गौरवान्वित होने की बात है। हमारी इस नयी इमारत में नयी अत्याधुनिक तकनीकी, जैसे जिम, डाइनिंग हॉल, कांफ्रेंस हॉल और पार्किंग की विशिष्ट सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। हमारी इमारत विशिष्ट तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एनर्जी एफिशिएंसी का भी विशेष ध्यान रखा गया है। कनॉट प्लेस में अवस्थित होना और रेलवे, बस स्टॉप, मेट्रो, हॉस्पिटल आदि से नजदीकी इसे और भी प्रभावशाली बनाती है। इसके शुरू होने से झारखंड के निवासियों के लिए आसानी रहेगी। यह इमारत भविष्य में झारखंड सरकार और उसके प्रयासों का देश की राजधानी में एक प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगी।

उद्घाटन समारोह में झारखंड के लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति भी की गयी, जिसमें उरांव आदिवासी नृत्य, मुंडा आदिवासी नृत्य, हो आदिवासी नृत्य, संथाली आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री रामदास सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक उमाशंकर अकेला, सांसद कालीचरण मुंडा, सांसद महुआ मांजी, पूर्व सांसद धीरज साहू, सुबोधकांत सहाय, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, केंद्रीय सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव\मुख्य सह स्थानिक आयुक्त अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सलाहकार विमल घोष, प्रधान सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, सुनील कुमार, सचिव मनोज कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल, मुख्य प्रशासिक पदाधिकारी शहंशाह अली खान आदि विशिष्ट लोग उपस्थित रहे।



## राहुल और खड़गे से की मुलाकात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने मीडिया से कहा कि यह शिष्टाचार भेंट थी। बहुत दिन से राहुल गांधी से और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करनी थी, लेकिन समय नहीं मिल रहा था। उन्होंने कहा, हमें अपना काम करने दीजिए। बाकी सब कुशल मंगल है। आगे मजबूती के साथ हम लोग सरकार चलायेंगे और चुनाव भी लड़ेंगे। इसकी रूपरेखा तैयार की गयी।

# मंईयां सम्मान योजना के 30 दिन पूरे, 45 लाख से अधिक लाभुकों को मिली राशि

## इस एक महीने में हमने कई रिकॉर्ड बनाये : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 30 दिन पूरे होने पर प्रसन्नता जतायी है। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर इस बारे में एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि आज झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को शुरू हुए 30 दिन हो गये और इस एक माह में हम रिकॉर्ड 45 लाख से अधिक बहनों के खातों में सम्मान राशि की पहली किश्त पहुंचा चुके हैं। सीएम ने कहा है कि जिन बहनों के आवेदन में कुछ त्रुटियां हैं, उन्हें भी 'सरकार आपके द्वार' में कैंप के माध्यम से दूर किया जा रहा है। उन्होंने लिखा है कि 48 लाख के आवेदन लक्ष्य को हमने मात्र तीन सप्ताह में पूरा कर लिया था। इस योजना में आवेदन बहनें 21 वर्ष लगते ही कभी भी कर सकती हैं। एक बार इस योजना से जुड़ जाने के बाद 50 वर्ष तक आपको बिना रुके सम्मान राशि मिलती रहेगी। 50 वर्ष पूरे होते ही बहनें स्वतः हमारी सरकार की क्रांतिकारी सर्वजन पेंशन योजना से जुड़ जायेंगी और यह पेंशन योजना आपके साथ आजीवन रहेगी। हेमंत सोरेन ने लिखा है कि शायद इन्हीं सब से हताश हो कर विपक्ष बहनों के लिए इन लाभप्रद योजनाओं को लटकाने/रद्द करवाने के अपने कुंठित प्रयासों में लग गया है, पर उसे इसमें कभी सफल नहीं होने दिया जायेगा।

### सीएम आज दक्षिणी छोटानागपुर के पांच जिलों की तीन लाख लाभुकों को देंगे मंईयां योजना की राशि

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चार सितंबर को नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातु चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा की तीन लाख से अधिक लाभुकों के खातों में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी जायेगी।

## न्यूज रील्स

### आठ महीने बाद तेजस्वी और नीतीश की मुलाकात

पटना। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मुलाकात काफी चर्चा में रही। दरअसल मंगलवार को पटना स्थित सचिवालय में सीएम नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव की यह मुलाकात हुई है। इस मुलाकात को लेकर एक तरफ जहां सियासी हलचल तेज थी, तो दूसरी तरफ कई लोग अपनी-अपनी तरफ से कयास लगा रहे थे। हालांकि बैठक के बाद जब तेजस्वी यादव बाहर निकले, तब उन्होंने मीडिया से बातचीत की और बताया कि सीएम से उनकी क्या बात हुई। तेजस्वी यादव ने मीडिया से कहा, हम लोगों ने नौवीं अनुसूची को लेकर बातचीत की है। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि सीएम ने क्या कहा, तब तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी तो कह रहे हैं कि मामला कोर्ट में है। तो हम भी बोले कि भाई हम कोर्ट पहुंच गये। आप रखिये, हम भी रखते हैं अच्छे से।

### ओड़िशा के खदान उप निदेशक गिरफ्तार

तालचेर। भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता अधिकारियों ने मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में खदान के उप निदेशक धरणीधर नायक को गिरफ्तार कर लिया। धरणीधर के पास दो बहुमंजिला इमारतें, 1.30 करोड़ का एक तीन बीएचके फ्लैट और भुवनेश्वर में 1800 वर्ग फुट क्षेत्र में एक डुप्लेक्स और 19 दुकानें हैं। इसके अलावा उसके पास से 9.85 लाख रुपये से अधिक नगद भी पाया गया।

अजय मेहता के परिजनों से मिले बाबूलाल, दिये एक लाख

# युवाओं की मौत के लिए हेमंत सरकार जिम्मेवार : बाबूलाल



- घायल अभ्यर्थियों के इलाज में बरती गयी लापरवाही भी मौत का कारण बनी
- राज्य सरकार के मुखिया को मृतकों के परिजनों से मिलने का समय नही
- 50 लाख रुपये मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी दे राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में हुई मौतों के लिए एक बार फिर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को वह इस दौड़ में जान गंवानेवाले अजय कुमार महतो के ओरमांझी स्थित जिराबर गांव के घर में पहुंचे। उन्होंने मृत युवक के परिजनों को ढाढ़स बंधायी और एक लाख रुपये की सहायता राशि भी सौंपी। अजय कुमार महतो ने पलामू केंद्र पर आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर ली थी, लेकिन उसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गयी और बाद में रिम्स में उसकी मौत हो गयी थी। बाबूलाल मरांडी के साथ प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू भी थे।

बाद में मीडिया से बातचीत में मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह संवेदनहीन सरकार है। युवाओं की मौत हो रही और सरकार निश्चित है। परिजनों की सुध लेने की भी राज्य सरकार को फुर्सत नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में जिस प्रकार से नियमों का उल्लंघन किया, वह नौजवानों की मौत का कारण बना है। अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं की गयी। लंबी यात्रा कर नौजवान सेंटर पर पहुंचे। रात भर जाग कर लाइन में लगे और सुबह में धूप में उन्हें दौड़ाया गया। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर नौजवानों के स्वास्थ्य पर पड़ा। नींद पूरी नहीं होने से ब्लड प्रेशर भी बढ़ता है। शरीर की कार्य क्षमता घटती है। फिर भी अभ्यर्थी दौड़ने को मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि जहां तक नियमावली की बात है, तो 2018 की बहाली नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि दौड़ के पहले अभ्यर्थियों की लिखित और शारीरिक जांच परीक्षा हो। जो इसमें सफल हों, उन्हीं को दौड़ में शामिल किया जाये, लेकिन हेमंत सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक घंटा में 10 किलोमीटर की दौड़ उत्पाद विभाग के सिपाही के लिए अव्यावहारिक है। इतनी अनिवार्यता तो सेना की बहाली में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अजय कुमार महतो के इलाज में भी लापरवाही बरती गयी। दौड़ में बेहोश हो जाने की स्थिति में परिजनों को सूचित किया गया। पिता बेटे से मिलने पहुंचे। लातेहार में बेटे को देखा। उन्होंने कहा कि बेटे को उन्हें सौंप दिया जाये, ताकि वह प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज करा सकें, लेकिन बेटे को नहीं दिया गया। उनका कहना था कि जब वह बेटे से मिले, तो बेटा मुंह से पानी पी रहा था। जब बेटा रिम्स पहुंचा, तो देखा कि उसे ट्यूब से खाना दिया जा रहा था, जबकि बेटा बातचीत कर रहा था और खाने-पीने में सक्षम था। इस प्रकार इलाज में भी लापरवाही बरती गयी। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को 50-50 लाख का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

आइआइएम रांची में टेंडर आवंटन में गड़बड़ी का आरोप

# सीबीआइ ने मांगी निदेशक और अन्य के खिलाफ पीइ दर्ज करने की अनुमति

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीबीआइ ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची के निदेशक और अन्य के खिलाफ पीइ (प्रारंभिक जांच) दर्ज करने की अनुमति मांगी है। सीबीआइ की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के डीआइजी ने इस बारे में झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि सीबीआइ को आइआइएम रांची के निलंबित प्रशासनिक अधिकारी शिव प्रताप वर्मा की तरफ से एक शिकायत मिली है। इसमें संस्थान के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक अंबुज भैरवनाथ आनंद, अमित सचान और आनंद, वित्तीय परामर्शदातृ और मुख्य वित्त अधिकारी नरोत्तम साहू और प्रशासनिक अधिकारी (क्रय) अजय कुमार पर टेंडर आवंटन में गड़बड़ी करने और फ्रांस की सोडेक्सो कंपनी का पक्ष लेने का आरोप लगाया गया है।

**क्या हैं आरोप :** शिकायत में कहा गया है कि संस्थान के निदेशक और अन्य ने मिल कर सोडेक्सो कंपनी को संस्थान में विभिन्न सेवाएं देने का काम आवंटित किया। इसमें नियमों का उल्लंघन किया गया। शिकायत के अनुसार निदेशक ने अपने चहेते उपरोक्त लोगों को टेंडर कमिटी में रख कर सोडेक्सो को संस्थान को मेस सेवा, हाउस कीपिंग, मैनपावर सेवा, लौंड्री, इवेंट कैटरिंग, गेस्ट हाउस प्रबंधन तथा अन्य काम का ठेका दे दिया। इस दौरान भारत सरकार द्वारा तय नियमों का उल्लंघन किया गया। सरकार द्वारा बनाये गये जेम पोर्टल की मदद नहीं ली गयी। 10 अक्टूबर 2023 को उपरोक्त कार्यों के लिए टेंडर निकाला गया। इसमें केवल दो कंपनियों ने भाग लिया। प्रिज्म नामक कंपनी को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित कर दिया और सोडेक्सो को पूरा काम दे दिया गया। पूर्व में संस्थान के ये सभी काम तीन अलग-अलग कंपनियां करती थीं, लेकिन निदेशक ने मनमाने तरीके से उनका ठेका रद्द कर दिया और अपनी मनपसंद कंपनी, यानी सोडेक्सो को संस्थान को सारा काम आवंटित कर दिया। शिकायत में कहा गया है कि पहले की कंपनी जय बाबा बासुकी 126 रुपये प्रति प्लेट की दर से विद्यार्थियों को भोजन देती थी, लेकिन सोडेक्सो की दर तीन सौ रुपये हो गयी है। शिकायत में कई अन्य आरोप भी लगाये गये हैं और उनकी जांच करने की मांग की गयी है।

# पश्चिम बंगाल में अपराजिता विधेयक पास

## दुष्कर्म के दोषियों को 10 दिन में मौत की सजा देने का प्रावधान

- पुलिस को मामले की जांच पूरा करने के लिए तीन सप्ताह का समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद एक्शन में आयी पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को विधानसभा से एक विधेयक पारित कराया, जिसमें दुष्कर्म के दोषियों को 10 दिन के भीतर मौत की सजा दिये जाने का प्रावधान है। विधेयक में दुष्कर्म के मामले की जांच के लिए पुलिस को अधिकतम 21 दिन का समय दिये जाने का प्रावधान है। इस विधेयक का नाम अपराजिता वीमेन एंड चाइल्ड (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून और संशोधन) बिल 2024 है। सदन में मुख्य विपक्षी दल ने भी इस विधेयक का पूर्ण समर्थन किया। राज्य के कानून मंत्री मलय घटक ने इस विधेयक को पेश किया। दो घंटे की चर्चा के बाद विधेयक पारित हो गया। विधेयक को पारित कराने के लिए ही विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया था।



### यह ऐतिहासिक विधेयक है: ममता

विधेयक पर चर्चा के दौरान सदन का माहौल काफी गर्म था। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे ऐतिहासिक विधेयक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का इस्तीफा मांगा, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू नहीं कर पाये हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय प्रदान करना और दोषी की सजा बढ़ाना है। कार्यवाही के दौरान भाजपा के विधायकों ने मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगते हुए नारे लगाये।

**पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को आठ दिन की सीबीआइ हिरासत :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को सीबीआइ की विशेष अदालत ने आठ दिनों की हिरासत में भेज दिया है। सीबीआइ टीम मंगलवार को संदीप घोष को निजाम पैलेस स्थित सीबीआइ दफ्तर से निकल कर अलीपुर की विशेष सीबीआइ अदालत में ले गयी। वहां सीबीआइ ने अदालत से संदीप घोष की 10 दिनों की हिरासत की मांग की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि संदीप से पूछताछ की जरूरत है।

## आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम शिविर संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में पांच दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस शिविर के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 50 की संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और योगासन, प्राणायाम ध्यान, सहज, वार्ताओं और विभिन्न तरह के कार्यकलापों के द्वारा जीवन जीने की कला को सीख और अपने जीवन में और अधिक ऊर्जा और बेहतर स्वास्थ्य तनाव मुक्त मन और जीवन को और अधिक उद्देश्य पूर्ण बनाने की दिशा में आगे बढ़े। बच्चों के लिए प्रज्ञा योग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। प्रज्ञा योग के अंतर्गत 5 से 18 साल के बच्चे शिविर में भाग लिए और कई प्रक्रियाओं के माध्यम से बच्चों की छठी इंद्रीया को जागृत कर उनके प्रज्ञा को उन्नत किया गया। जयनगर के कई विद्यालयों में भी बच्चों और शिक्षकों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग की प्रारंभिक कार्यशाला का आयोजन किया। आर्ट ऑफ लिविंग के इस शिविर को संचालित करने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट कोऑर्डिनेटर और वरिष्ठ प्रशिक्षक नवीन चौरसिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक ने योगदान दिया। रविशंकर की प्रेरणा से कोडरमा जिले में कई तरह के आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। कार्यक्रम को प्रशिक्षक शशि जी के द्वारा संपन्न किया। इसके सफल आयोजन में सुरेन्द्र भाई मोदी, शशिकांत प्रसाद, अर्जुन चौधरी, रामचन्द्र सोनी, अर्जून राम, राजेश साहू, शेषनाथ राम, मनोज सोनी, सुदर्शन प्रसाद, भातु राम, बंशीधर बर्णवाल, ओमप्रकाश बर्णवाल, विजय नंदन राम, मोनु कुमार मुकुंद माधव, संतोष साव, कमलेश राम, आलोक कांत प्रसाद उर्फ चिकु, बिनोद साव सहित कई स्वयं सेवक मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना से प्रभावित क्षेत्र भदईखाप में आंख के जांच का नि:शुल्क शिविर रविवार को लगाया गया। यह पहल लोकनायक जयप्रकाश आई अस्पताल चोपारण के सहयोग से आयोजित की जा रही है। मंगलवार को यह नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदईखाप मे आयोजित किया। इस शिविर मे कुल 101 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कार्रवाई जिसमे से आठ मरीजों का मोतियाबिंद की सर्जरी करायी जायेगी। यह नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस योजना में विभिन्न सुविधाओं के साथ उपयुक्त स्थानों पर दो परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया था इसके बाद पहचाने गये मोतियाबिंद रोगियों की सर्जरी की जायेगी। इस से पूर्व शिविर का आयोजन चट्टी बरियातू पंचायत भवन में भी कराया गया था। जहां लगभग 135 मरीजों ने भाग लिया जिनमें से विभिन्न नेत्र रोगों के 17 मरीजों की पहचान की गयी। परीक्षण के बाद पहचाने गये मरीजों की सफल सर्जरी की गयी है। परियोजना ने इस मुहीम के अंतर्गत अबतक 60 चश्मे बांटे है। इस मौके पर परियोजना के अपर महाप्रबंधक नीलमाधव स्वाइन और वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## खेलो झारखंड में दर्जनों खिलाड़ी हुए सफल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड का तीन दिवसीय कार्यक्रम बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल में आज संपन्न हुआ। इसका नेतृत्व बीपीएम प्रहलाद गुप्ता ने किया। इस खेल में अंदर 17 के दर्जनों विद्यार्थी भाग लिए। कार्यक्रम का संचालन पीएम श्री मध्य विद्यालय बड़कागांव के शिक्षक चेतलाल राम ने किया। खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएम श्री मध्य विद्यालय को प्रथम स्थान मिला। बालिका वर्ग के कबड्डी स्पर्धा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका, द्वितीय स्थान वॉलीबॉल के बालक वर्ग में एस एस प्लस टू हाई स्कूल, शतरंज खेल में बालक वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल बड़कागांव के डेविड कुमार, बालिका वर्ग में विश्रामपुर की अमीषा कुमारी ने सफलता हासिल की। 100 मीटर लंबी दौड़ में मौके पर मुख्य रूप से बीपीएम प्रहलाद गुप्ता, चेतलाल राम, चंद्रामति वर्मा, रूपा कुमारी, रेखा कुमारी, बसंती देवी, चंचला देवी, टेरेसा किंडो, रवि कुमार रवि, रवि शंकर पाठक, अवधेश कुमार, देवनाथ कुमार, कमलेश कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार, राजू कुमार, जमशेद अंसारी, श्रीनिवास, वीरेंद्र राम, श्रीकांत निराला, राम लखन महतो, दीपक सिन्हा, शिवनारायण आदि कई लोग उपस्थित थे।

## विभावि में संकाय और विभागाध्यक्षों की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कही की जब से मैं कुलपति बनी थी मेरी ख्वाहिश थी कि मैं विश्वविद्यालय के लिए कुछ खास करूं। विश्वविद्यालय को 1.69 एकड़ भूमि प्राप्त हुई है। इससे मुझे संतोष हुआ है, और भी भूमि संबंधी जो कागजात है उसको शीघ्रताशीघ्र प्रक्रिया में लायी जाये तो और भी भूमि विश्वविद्यालय को प्राप्त हो सकती है। सुमन मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक प्रशासनिक भवन में संकायअध्यक्षों और विभागाध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में पठन-पाठन और परीक्षा से संबंधित कई व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के प्रस्ताव पारित किये गये। शोध को और पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए भी कुछ महत्वपूर्ण सुधार पर निर्णय लिए गये। बैठक में विभावि के विद्यत परिषद और अधीशद से पारित 2009 और 2016 के पीएचडी परीनियम को अधिसूचित करने का प्रस्ताव लिया गया। 2022 के यूजीसी का पीएचडी नियमावली से संबंधित सभी शंका को निरस्त करते हुए कुलसचिव ने बताया कि यह अधिनियम पूरी तरह से पारित और अधिसूचित है। विभागों को अब 2000 के स्थान पर प्रतिमा 5000 कंटीन्जेंसी के रूप में दिए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम के अलावे सभी संकायअध्यक्ष, विभागाअध्यक्ष, वित्त पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुशवाहा और परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील कुमार दुबे उपस्थित थे।

## हजारीबाग में उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता

# 500 पेटी शराब लदे कंटेनर को उत्पाद विभाग ने पकड़ा

**दो करोड़ की अवैध विदेशी शराब जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इन दिनों हजारीबाग उत्पाद विभाग लगातार बड़ी कारवाई के लिए सुर्खियों में हैं। बीते माह से अब तक उत्पाद विभाग ने करीब दो करोड़ का अवैध विदेशी शराब जब्त किया है। उत्पाद विभाग ने हाल के दिनों में पदमा थाना क्षेत्र में दो बड़ी, चौपारण थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई, कटकमदाग थाना क्षेत्र के एक बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया है। इसी क्रम में सहायक उत्पाद आयुक्त के नेतृत्व में बीते रात पदमा थाना क्षेत्र के करमटांड स्थित मां विंध्यवासिनी बी एड कॉलेज के पीछे से दो कंटेनर (वाहन ) यू पी 21 सी इन 3039 व यू पी 32 जे 5121 को जप्त किया जिसमे मैक डॉवल नंबर 1 ब्रांड की 375 एम एल की करीब 500 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद किया है जिसका अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताया जा रहा है। कारवाई के बारे में पूछे जाने पर उत्पाद सहायक आयुक्त शिवकुमार साहू ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी की पदमा थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बड़ी खेप कंटेनर में भर कर आया है सूचना पर टीम गठित कर कार्रवाई किया गया। कार्रवाई के लिए टीम को आते देख तस्करी में शामिल लोग रात्रि का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हुए, वहीं पदमा थाना क्षेत्र निवासी विनोद मेहता को पकड़ा गया। घटना स्थल पर बरामद बड़े कंटेनर से छोटे कंटेनर में शराब को शिफ्ट किया जा रहा था। आगे उन्होंने बताया कि यह शराब चंडीगढ़ से आया था जिसे बिहार भेजने की तैयारी की जा रही थी। तस्करों के बारे में पूछे जाने पर श्री साहू ने कहा कि पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ की गयी है। अवैध शराब तस्करी का मास्टर माइंड राजस्थान के बाड़मेर निवासी रामसुमेर है, वही यह शराब बिहार के पटना निवासी अमित सिंह के पास जाने वाला था। गौरतलब हो कि शराब तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर के अंदर एक बॉक्सनुमा कंटेनर बना था जिसमे शराब रखा हुआ था। वहीं उस कंटेनर को लेज, कुरकुरे, पेय पदार्थ, सहित विभिन्न ब्रांड के नमकीन से ढक दिया गया था। छापामारी के दौरान पकड़े गये विनोद मेहता को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में अवर उत्पाद निरीक्षक सुमितेश कुमार, भुनेश्वर कुमार समेत होमगार्ड के जवान, उत्पाद विभाग के कर्मी व उत्पाद विभाग के प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी शामिल थे।

## राष्ट्रीय पोषण माह के लिए जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष 1 सितंबर से 30 सितंबर तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं, आमजनों और ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्यों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नितीश निशांत से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 1 सितंबर से 30 सितंबर तक जिले में संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए पोषण माह के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता कार्यक्रमों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार, निशांत द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह और एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत समाहरणालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ प्रखंड के कोनार डैम स्थित अरजरी में गत 30 अगस्त को अमरजीत टुडु का बाइक घर के सामने से ही चोरी हो गयी। इस बाबत अमरजीत ने विष्णुगढ़ थाना में घटना की सूचना दी, सूचना पर विष्णुगढ़ थाना की पुलिस ने मामला दर्ज कर छापेमारी शुरू की इसी दौरान जमनीजारा में ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उक्त स्पेलडर प्रो बाइक बरामद कर बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 149/2024 के आरोपी अनवर अली उर्फ सरफुल अंसारी टंडवा थाना विष्णुगढ़ को जेल भेज दिया। आरोपो इसके पूर्व भी बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक 4 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि 4 सितंबर 2024 को भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में दोपहर 12 बजे से बुलायी गयी है। इसमें 2 सितंबर 2024 को जिला समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन की समीक्षा और 8 सितंबर 2024 को रांची के मोराबादी मैदान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य स्तरीय कन्वेंशन में कोडरमा जिले से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने पर विचार किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, पुरुषोत्तम यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन आदि लोग मौजूद रहेंगे।**

## आइसेक्ट विवि में दीक्षारंभ कार्यक्रम

**नियमित परिश्रम ही सफलता की कुंजी : डॉ मुनीष गोविंद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय में मंगलवार को नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ ही नया सत्र शुरू हो गया। बता दें कि इसके लिए तरबा-खरबा स्थित आइसेक्ट विवि के मुख्य कैंपस सभागार में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद नवागंतुक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि दरअसल दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें विश्वविद्यालय की विशिष्ट प्रकृति और संस्कृति सिखाना है। उदय रंजन, वाणिज्य और प्रबंधन विभाग से डॉ बिनिता कुमारी और राजेश रंजन, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार, आर्ट्स एंड ह्यूमनिटीज विभाग से डॉ प्रीति कुमारी, फामेर्सी विभाग से यशवंत कुमार, विज्ञान विभाग से एचओडी सबीता कुमारी, परफॉर्मिंग आर्ट्स से कुमारी सीमा, लॉ विभाग से डॉ जयदीप सन्याल और कोमल पल्लवी भेंगरा व इंजिनियरिंग विभाग से हिमांशु चौधरी ने अपने अपने विभाग की उपलब्धियां और अहम जानकारियां सभी विद्यार्थियों से साझा की। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में एआर अमित कुमार, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ रोजीकांत और अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ट्रक में आग लगने से चालक-खलासी की जलकर मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के सूरजकुंड नदी पुल में एक लोहे लदा एलपी ट्रक नंबर डब्ल्यूबी 89 2601 पुल में अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे ट्रक में भीषण आग लग गयी ट्रक पूरी तरह खाक हो गयी गोरहर पुलिस के मुताबिक चालक और खलासी की भी मौके पर ही जलकर मौत हो गयी। बरही से अग्निशमन वाहन जबतक आग बुझा पाता ट्रक खाक में बदल गयी चालक और खलासी भी ट्रक में ही जलकर मारे गये घटना में आग इतनी तेज थी कि लगभग 30 फीट ऊंची लपटे उठ रही थी पूरा एनएच 2 सिक्सलेन जाम हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गाड़ी से बचाने का आवाज रहा था लेकिन आग इतनी तेज थी कि कोई भी मदद नहीं हो पायी जबतक बरही से अग्निशमन वाहन आता ट्रक पूरी तरह खाक और चालक और खलासी भी जलकर खाक हो गये। घटना सोमवार रात्रि 7:30 बजे की है। अभी तक चालक और खलासी की शिनाख्त नहीं हो पायी वही गोरहर थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों और पुलिस ने आखिरी मदद किया लेकिन आग इतनी तेज थी कि अग्निशमन वाहन के आने के बाद भी जलती ट्रक में फंसे चालक और खलासी को नही बाहर निकाला जा सका जबतक आग बुझती चालक और खलासी की जलकर मारे गये। वैसे घटनास्थल से एक मोबाइल मिला है जिसपर खबर हुई जब तक चालक या खलासी के कोई परिजन नहीं आते शिनाख्त नहीं हो पा रही है ।

अग्निशमन वाहन रहता तो बच सकती थी जान अगर बरकट्ठा प्रखंड में आग बुझाने वाली छोटी या बड़ी गाड़ी रहती तो शायद यह हादसा टल जाता वही इस विषय पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसन्त साव ने एनएचआइ और सड़क निर्माण कार्य ऐजेंसी के द्वारा सुरक्षा मानक की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसके कारण अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं प्रशासन से अतिशीघ्र बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में अग्निशमन वाहन की व्यस्था करने की मांग की है ।

## तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास में ओवरब्रिज के समीप 33 हजार तार की चपेट में आने से भादोहीह निवासी 30 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान इकबाल खान (उम्र 35 वर्ष, पिता अहमद खान) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि इकबाल जवाहर टॉकीज के समीप मोबाइल दुकान चलाता था। सोमवार की रात वह मोबाइल दुकान बंद कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के बाहर बाइक को खड़ा कर वह घर के मुख्य दरवाजे को खोलने के लिए आगे बढ़ा था। इसी दौरान सड़क पर गिरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से मौके पर उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने इस मामले में सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी को दोषी माना है।**

## एलआइसी कार्यालय के स्थानांतरण के खिलाफ याचिका



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने भारतीय जीवन बीमा निगम झुमरी तिलैया शाखा का स्थानांतरण असुरक्षित स्थान पर किये जाने के खिलाफ लगातार वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने उपरांत रोक न लगने पर उच्च न्यायालय रांची में पीआइएल दायर किया है। सभी दस्तावेजों के साथ पीआइएल संख्या डब्लूपीसी/8950 द्वारा स्वीकृत हो चुका है। एलआइसी शाखा रेलवे फ्लाईओवर के नीचे लक्ष्मी टावर में करने का एग्रीमेंट हो चुका है जो सुनसान जगह पर है और कभी भी रुपये की छिनतयी के साथ ही अप्रिय घटना होने की पूरी संभावना है और हल्ला करने पर बचाव में कोई आ भी नहीं सकता है। नियमत: इस शाखा को वैसे स्थान पर ले जाना है जहां रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से पहुंचने का सुगम साधन हो और पूरी तरह सुरक्षित हो। बसंत ने वरीय पदाधिकारियों को सभी समस्याओं से लगातार सचेत करने और उपेक्षा किये जाने पर ही न्यायालय की शरण में जाने का निर्णय लिया और उम्मीद जतायी है कि न्यायालय जनहित में सही निर्णय ले।

## सरकारी स्कूलों में रीडिंग कार्यक्रम



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के 65 स्कूलों में राज्य के द्वारा चलाए जा रहे 'रीडिंग कैंपेन' कार्यक्रम के अंतर्गत रीड अ थोन गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गतिविधि बिपीएम चंद्रभूषण मिश्रा के देख रेख में आयोजित की गयी, जिसमें टाटीझरिया के सभी 65 स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों, और अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रीड अ थोन गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों में किताबों के प्रति लगाव बढ़ाना और छोटे बच्चों को मूलभूत साक्षरता में निपुण बनाना है। इस विशेष अभियान के तहत, सभी प्रतिभागियों ने 11:00 बजे से 11:30 बजे तक अपने सभी कार्य छोड़कर केवल किताबें पढ़ीं, जिससे बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में 'रूम टू रीड' संस्था से राम प्रसाद दास, सीआरपी सुरेश राम, दयाल प्रसाद, अरुण दयाल, नवीन कुमार और बिआरपी सुबोध कांत वैध ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दिया और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 शुरू



**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्कूली और साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित दारू प्रखंड के पेटो मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलो-झारखंड 2024-25 का दो दिवसीय प्रखंडस्तरीय खेल मंगलवार को विधिवत रूप से शुरू की गयी। उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य गीता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, बीडीओ हारुण रसीद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मिठू रविदास, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया। 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों में निखार आती है और आगे बढ़ने का मौका मिलता है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चे खेल कर आगे बढ़ सकते हैं और खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं।इस खेल में 100,200,400 और 800 मीटर की दौड़, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट, ऊची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, खेला गया। मंगलवार को अंडर 14 (कक्षा 1-8)के बच्चों ने भाग लिया। वही टॉप करने वाले बच्चों को बुधवार को ट्रॉफी और मेमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। बुधवार को अंडर 18 (कक्षा 9-10) स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जो बच्चे प्रखंड स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे वें फिर जिला स्तरीय खेल में भाग लेंगे। पुरे प्रखंड से कुल 26 स्कूलों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, संयोजक धीरज कुमार, कैलाश पति देव, रामेश्वर प्रसाद, रोहित केशरी, मनोज कुमार सिन्हा, शबान अंसारी, मंजर हसन नितिन सिन्हा, नागेंद्र कुमार सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## संवेदकों ने झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया को मांग पत्र सौंपा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के एक दर्जन संवेदक ने झामुमो नेता सह केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया को मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा है की निविदा की न्यूनतम अधिसीमा पूर्व की भाति दस प्रतिशत करने और निंविदा को छोटे-छोटे ग्रुप में निकालने के संबंध में संवेदकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया को एक पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से बताया कि निविदा की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त कर दिया गया है। जिसके कारण संवेदक बेरोजगारी और मजबूरी में न्यूनतम अधिसीमा से काफी अधिक दर पर निविदा स्वीकृत करवाते है, लेकिन कार्य गुणवता पूर्वक नहीं होने के साथ ही साथ बाधित रहता है। क्योंकि जिस दर पर वे कार्य लेते है उस दर पर गुणवता पूर्वक कार्य करना किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जो भी सड़क की निविदा निकाली जा रही है वह सारी निविदा की राशि दस करोड़ रुपये से अधिक रहती है। एक ही निविदा में पांच से दस सड़को को जोड़ दिया जाता है, जिस कारण छोटे और स्थानीय संवेदक उस निविदा में भाग लेने से वंचित हो जा रहे है। न तो स्थानीय संवेदक के पास निविदा में भाग लेने के लिए उपयुक्त राशि होती है न ही उस निविदा में भाग लेने का कागजात ही हैं। परिणाम स्वरूप इस तरह की सभी निविदा में बाहरी और बड़े संवेदको का कब्जा होता है। निविदा उनके नाम से आवंटन होने के वाबजूद अभी तक कई जगहो में कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण विकास का कार्य बाधित 'हो रहा है। वहीं आग्रह किया कि निविदा की अधिकतम अधिसीमा को पूर्व की भांति दस प्रतिशत करने जिसका उल्लेख झारखंड पब्लिक वर्क डिपाटमेंट कोड के 163 (क) में भी है और निविदा को छोटे- छोटे ग्रुप में निकाला जाय ताकि स्थानीय संवेदको को काम मिल सके और विकास का कार्य भी बाधित नहीं हो। वहीं संजीव बेदिया ने आश्वासन दिया कि जो मांग पत्र के माध्यम से की जा रही है इसको मैं झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष पूरी बातों को रखूंगा। जल्द ही समस्या के निदान हेतु अग्रतर कार्यवायी की जायेगी। वहीं संवेदकों ने काफी उम्मीद के साथ उन्हें धन्यवाद किया। मौके पर मुख्य रूप से मनीष सिंह, संजय कुमार सिंह, जयप्रकाश मेहता, पुरुषोत्तम सिंह, प्रयाग मेहता, गणेश यादव, नारायण विश्वकर्मा, अनिल कुमार, छोटन प्रसाद मेहता, कुंदन कुमार, गुड्डू सिंह सहित कई उपस्थित रहे ।

## दुर्गापूजा को लेकर भूमि-पूजन



उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी स्थित हेसाबेड़ा दुर्गा मंड़प परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर भुमि – पूजन और ध्वजारोपण किया गया। इस दौरान हवन–पूजन पुरुषोत्तम पांडेय के द्वारा विधिवत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, पूजा समिति सचिव सीताराम किस्कू, कोषाध्यक्ष लालो महतो, गणेश राम, डॉ जी आर भगत, विश्वनाथ मांझी, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, महावीर प्रसाद, गणेश मांझी, महेश गिरि, धर्मदेव करमाली, महेश गंझू, महेश करमाली, दिपक कुमार यादव, राजकुमार सिंह, संजय कुमार यादव, जतरु बेसरा, सीगू मांझी, मुनिष मांझी, दशाराम हेंब्रम, विनोद मुंडा, चंदू जायसवाल, लालदेव सोरेन, पप्पू यादव, मन्नू टुडू, मन्नाराम मांझी, शिबू ठाकुर, बिनोद प्रजापति मौजूद थे।

## राधा गोविंद विवि में पौधरोपण कार्यक्रम



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सभी शिक्षक तथा छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी छात्र अपने घर से पौधे लेकर विश्वविद्यालय आए थे तथा इन लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर आम, एलोवेरा, गिलोय, सर्पगंधा, संजीवनी, कुसुम, पत्थरचट्टा आदि का पेड़ लगाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पूर्व भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ने बच्चों से कहा कि आज के समय में पेड़– पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़–पौधे जीवन के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बैजनाथ साह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो समरेंद्र नाथ साहा, प्रतिकुलपति प्रो रश्मि, कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय, डॉ चंदन कुमार, जतरू महतो आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में रामगढ़ कॉलेज के मुख्य द्वार की जर्जर स्थिति को देखते हुए उन्होंने नवनिर्माण कराने की मांग की है। श्री ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ कॉलेज के मुख्य द्वार और मुख्य सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है। उन्होंने प्राचार्य रतना पांडे से वार्ता की और अन्य शैक्षणिक विषयों पर भी चर्चा की।

## अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक




चतरा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की संगठनात्मक बैठक होटल उत्सव प्लेस में जिला अध्यक्ष उमेश भारती की अध्यक्षता में किया गया। संचालन जिला उपाध्यक्ष दिनेश भारती ने किया। बैठक में आगामी 27 सितंबर को गरीब स्वाभिमान रैली और विशाल जनसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सिंटू कुमार भुइयां, झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भुइयां, सहित समाज के कई अन्य बड़े दिग्गज नेता कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। इस बैठक में कई वक्ताओं ने समाज को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला महासचिव जयराम भारती, जिला उपाध्यक्ष बिहार भारती, दिनेश भारती, गोवर्धन भारती, जयराम भुइयां, जिला प्रवक्ता बिगन भारती, जिला मीडिया प्रभारी अजीत भारती, जिला मंत्री प्रभु भारती, विनोद भारती, चतरा विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र भारती, सिमरिया विधानसभा प्रभारी सदानंद भुइयां प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती, सुशील भारती, आशीष भारती, विनोद कुमार भारती,गणेश भुइयां, दिलीप कुमार भारती, श्रवण भारती, तापेश्वर भारती, टिंकू भारती, अनिल भारती, किटू भारती, समेत काफी संख्या में भुइयां समाज के लोग मौजूद थे।

## काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष बृजकिशोर राम ने कोयला राज्यमंत्री से की भेंट



उरीमारी (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया एससी–एसटी ओबीसी एम्पलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष बृज किशोर राम ने कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे से नई दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात कर कोल इंडिया की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बृजकिशोर राम ने कहा कि कोल इंडिया में जितने खाली पड़े बैकलॉग है हर कंपनी में एक मुफ्त से वैकेंसी निकलने पर चर्चा की, कोल इंडिया में जितने भी कैटिगरी वन मजदूर काम कर रहे हैं जिनका दस से पंद्रह साल तक प्रमोशन नहीं मिला है उन सभी मुद्दों को भी उठाने का काम किया है, कोल इंडिया के अंतर्गत रैयत विस्थापितों की समस्याओं को भी उठाने का काम किया, कोल इंडिया में जितने भी सेवानिवृत कर्मचारी है जो कॉल इंडिया में सर प्लस क्वार्टर है वह क्वार्टर कोल इंडिया में कार्य सेवानिवृत कर्मचारियों को लीज पर देने देने के लिए भी चर्चा किये। वहीं कोयला राज्यमंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर काउंसिल के लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ में 18वें भादो अमावस्या महोत्सव का समापन

# श्री रानी सती दादी को लगा 301 सवामनी प्रसाद का भोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री रानी सती दादी जी का 4 दिवसीय 18 वें भादो अमावस्या महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को 301 सवामणि प्रसाद का भोग लगया गया। दादी जी के दरबार को बहुत ही सुंदर और अद्भुत सजाया गया। सुबह से 6 से दादी भक्तों ने दादी जी की पाटा पूजा, सवामणि प्रसाद का भोग और 56 भोग प्रसाद दादी जी को लगाया गया। सुबह से दादी भक्तों का मंदिर परिसर में ताता लगा रहा। दादी जी का दरबार बड़ा ही सुंदर और अलौकिक लग रहा था। इस दौरान मीठे मीठे भजनों के बीच भारी संख्या में भक्तों ने लाइन में लगकर दादी जी की ज्योत ली और दादी जी से सुख शांति और समृद्धि का आशीर्वाद लिया। वही, भव्य भंडारे आयोजन किया।





**महोत्सव के अंतिम दिन विधायक सुनीता चौधरी हुई शामिल:** महोत्सव के अंतिम दिन विधायक सुनीता चौधरी ने भी दादी जी के दर्शन की।

साथ ही क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

वही, दादी मंदिर दरबार में रांची रोड, बरकाकाना, कुजू, भुरकुंडा, गोला, रांची, पेटरवार और जैनामोड़ से दादी भक्ति मंदिर पहुंचकर माथा टेका।

### रात्रि में महाप्रसाद का किया गया वितरण

रात्रि में महा आरती और महाप्रसाद प्रवितरण के साथ 18वें भादो अमावस्या महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के सभी सदस्यग, सभी दादी भक्तजन और श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी ने भाजपाइयों को दिये विधानसभा चुनाव में जीत के टिप्स

**झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना ही एकमात्र लक्ष्य : मंत्री ओपी चौधरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कुजू।** भाजपा रामगढ़ जिला कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन राजू चतुर्वेदी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रतिपक्ष नेता नारायण चंदेल शामिल रहे। बैठक के दौरान मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा के चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर टिप्स दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना ही एकमात्र लक्ष्य है। अच्छे लोग राजनीतिक से दूर रहेंगे तो निश्चित ही बुरे लोग आप पर शासन करेंगे। इसलिए भाजपा जैसे साफ सुथरी राजनीति पार्टी को चुने और देशहित में काम करने का मौका दे। वही, सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा के ही सरकार में आपका भविष्य बेहतर रहेगा। साथ ही, सुकून की जिंदगी जीना है तो भाजपा को वोट दें। कहा कि हेमंत सरकार में बांग्लादेशी घुसपैठियां झारखंड को भी पश्चिम बंगाल जैसे हालात पैदा कर सकते हैं। इसलिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं। बैठक में राकेश प्रसाद, शशिभूषण भगत, शुभाऊ कश्यप, मनोज सिंह, योगेंद्र प्रताप, अनिल महतो, ईलारानी पाठक, विजय जयसवाल, अमरेंद्र गुप्ता, राजीव रंजन, भीमसेन चौहान, रंजन सिंह, दिलीप सिंह, विनीता सिंह, मनोज गिरी, संजय शाह, तोकेश सिंह, प्रवीण सोनू, धीरज साहू, सन्तोष शर्मा, अरुण कुशवाहा शामिल रहे।

# जिले में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**शिविरों में 22840 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 9874 आवेदन सोमवार को आयोजित शिविर में प्राप्त किये गये 9874 आवेदनों में से 3761 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक आम जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। प्रतापपुर के चंद्रगोविंदपुर, कुंदा के सिकीदाग, हंटरगंज के बलूरी, गेंजना और पांडेयपुरा खुर्द, कान्हाचट्टी के राजपुर, चतरा के बरैनी, इटखोरी के टोनाटांड़, मयूरहंड के फुलांग, गिद्धौर के बारिसाखी, सिमरिया के सेरनदाग, टंडवा के किचटो में शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया।

4 सितंबर बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड के जोगीडीह, लावालौंग प्रखंड के मधनियां, हंटरगंज प्रखंड के डाहा, नावाडीह और खुटीकेवालखुर्द, कान्हाचट्टी के चिरीदीरी, चतरा के पाराडीह, ईटखोरी के पितीज, मयुरहंड के पेटादरी, गिद्धौर के गिद्धौर, सिमरिया के बगरा, टंडवा के बेंती में, 5 सितंबर गुरूवार को प्रतापपुर के एघारा, हंटरगंज के डुमरीकला और चकला, चतरा के आरा, ईटखोरी के हलमता, मयुरहंड के सोकी, गिद्धौर के पहरा, सिमरिया के जांगी, टंडवा के नावाडीह उर्फ तेलियाडीह और मिश्रौल तथा 6 सितम्बर शुक्रवार को प्रतापपुर प्रखण्ड के बरूरा, कुंदा के मरगडा, लावालौंग के लावालौंग, हंटरगंज के करमा और करैलीबार, कान्हाचट्टी के मदगड़ा, चतरा के देवरिया, ईटखोरी के शहरजाम, मयुरहंड के पंदनी, गिद्धौर के बारीयातु, सिमरिया के सबानो, टण्डवा के कबरा और पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

आपकी योजना आपकी सारकार आपके द्वार कार्यक्रम में बीते सोमवार तक विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों में 22840 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 9874 आवेदन सोमवार को आयोजित शिविर में प्राप्त किए गए 9874 आवेदनों में से 3761 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया।

## सीपीएम ने उप डाकघरों में डाक टिकट उपलब्ध कराने की मांग की

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीपीएम के जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने कोयलांचल और ग्रामीण क्षेत्र के उप डाकघरो में डाक टिकट, रेवेन्यू स्टाम्प टिकट और पोस्टल आर्डर उपलब्ध कराने की मांग डाक विभाग से की है। कहा गया कि सीपीएम के मांगो पर डाक विभाग द्वारा सकारात्मक पहल नही किया गया तो रामगढ़ प्रधान डाक घर के सामने जनहित में आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। सीपीएम के जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने बताया कि मैंने वह अपने भुरकुंडा शाखा सचिव अशोक कुमार सिंह को दो पत्र रजिस्टर्ड डाक से मुख्यमंत्री झारखंड, और सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव को पोस्ट करने के लिए भेजा। डाक घर में प्रतिनियुक्त व्यक्ति ने रजिस्ट्री करने के बदले स्पीड पोस्ट डाक से भेजने की बात कही। विभाग द्वारा 44 रुपए के बदले 85 रुपये की मांग की गयी। उन्होने कहा कि एक तरफ कोयला क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के उप डाकघरों में भारत सरकार के डाक और संचार मंत्रालय द्वारा जारी किसी भी कीमत का डाक टिकट नहीं मिलता हैं। दुसरी ओर अगर रजिस्ट्री डाक से भेजने की जरूरत है तो डाकघर के लोगों द्वारा स्पीड पोस्ट में पत्र भेजने के लिए लोगो को बाध्य किया जाता है। सीपीएम रामगढ़ जिला कमिटी डाक संचार विभाग से मांग करती है कि रामगढ़ जिला के सभी ग्रामीण, औद्योगिक क्षेत्र, शहरी क्षेत्र के डाकघरों में जारी सभी मूल्य के डाक टिकट, रेवेन्यू स्टाम्प टिकट और पोस्टल आर्डर को उपलब्ध कराये।

# एक दांव में ही चारों खाने चित कर देता है नन्हा अंश

**कुजू के केबीगेट के पास रहने वाले अंश अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के सातवीं का छात्र है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रामगढ़।** बाल्यकाय से ही खेलों में रूचि रखने वाला मात्र तेरह बंसत देखने वाला बालक अंश एक ही दांव में चारों खाने चित कर देने की कला में माहिर है। कुजू के केबीगेट के पास रहने वाले अंश अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के सातवीं का छात्र है। वह अपने दादा मुरारी प्रसाद के विरासत को आगे बढ़ाते हुए कुश्ती के बारिकियों को बाल्यकाल में ही समझ बैठा है। यही वजह है कि खेल से पहले डरना नहीं है को लक्ष्य बनाकर उसने डीएवी के जोनल कुश्ती में अंडर 14 बालक वर्ग में चैंपियन बना तो डीएवी स्पोर्टस के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपने जीत के सिलसिला को कायम रखते हुए स्टेट टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। कहता है जो डर गया समझो हो गयी हार। उसकी इस प्रतिभा के कारण ही उसे डीएवी के आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए चयन किया गया है। उसने अपने विद्यालय प्राचार्य सह एआरओ जोन एफ निशिकांत कर को अपने जीतने के अभियान के बारे में बताया कि वह क्रिकेट खेलने में ज्यादा दिलचस्पी रखता है। किंतु विद्यालय के टीम में खिलाड़ी पूरा हो जाने के बाद उसने अपने दादाजी के धरोहर कुश्ती में ही भाग्य आजमाना उचित समझा। इसीको लक्ष्य बनाकर उसने दिन रात अपने घर समेत विद्यालय के खेल शिक्षक सुमित कुमार से मिले दिशा निर्देश के बल पर पहले विद्यालय स्तर बाद में जोनल व वर्तमान में अंडर 14 बालक वर्ग में राज्य स्तरीय कुश्ती में विजेता बनाकर कोयलांचल का नाम गौरवान्वित किया है। उसका सपना एक सफल पहलवान बनकर देश और राज्य के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में पदक जितने की है।

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
Fuelling Sustainable Growth
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जेएसपी पतरातू के जिंदल आशा में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ करते हुए एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हेल्थ प्वाइंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बारियातू रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ इला विनायकिया, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ सैयद, न्यूरो सर्जन डॉ जतिन शेठी और फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ विकास शामिल थे। उन्होंने शिविर में आये बच्चों और आवासीय परिसर के लोगों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवा और परामर्श दिया। इस शिविर का आयोजन जेएसपी फाउंडेशन के तहत किया गया था। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन एचआर प्रमुख अजय झा और सीएस आर प्रमुख रवि निवास ने किया। कहा गया कि जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जेएसपी फाउंडेशन पतरातू समाज के सबसे जरुरतमंद लोगों तक कैसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य के साथ फाउंडेशन इस तरह की शिविरों का आयोजन करता है। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। बताया गया कि इसी प्रकार पुरे माह पोषण पखवाड़ा मनाया जायेगा और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जागरूकता अभियान का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का जागरूकता अभियान का आयोजन पतरातू प्रखंड के हनुमानगढ़ी पंचायत सचिवालय में किया गया। इस दौरान एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह,थाना प्रभारी शिव लाल गुप्ता, बासल प्रभारी कैलाश कुमार, भदानीनगर प्रभारी संजय कुमार रजक, भुरकुंडा प्रभारी अभिषेक कुमार, बरकाकाना प्रभारी मो अख्तर अली उपस्थित थे। जागरूकता अभियान में पुलिस पदाधिकारी ने ग्रामीणों से पुलिस को सहयोग करने का अपील करते हुए बताया कि अपराध पर कैसे नियंत्रित करना है, पुलिस को कैसे सूचना देनी है, नए अपराध कानून, साइबर क्राइम, गुमशुदगी के मामले, महिला सुरक्षा, पुलिस से मिलने वाले मुआवजा की जानकारी दी। साथ ही बताया गया की किसी प्रकार की घटना घटती है तो 112 पर डायल कर पुलिस की सहायता प्राप्त की जा सकती है। डायल 1930 के बारे में बताया गया कि अगर किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है और उसका पैसा फ्रॉड के माध्यम से किसी अन्य के खाते में चला जाता है तो यह व्यक्ति 1930 पर कॉल कर ट्रांसफर हुए पैसे को अकाउंट को फ्रीज करा सकता है। पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में नशीले पदार्थों के चक्कर में युवक भटक रहे हैं, जुआ व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने में पुलिस का सहयोग करें तभी नशीले कारोबार पर रोक लगाया जा सकता है।

## पूर्व विधायक ने किया क्षेत्र भ्रमण

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा विधानसभा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान मंगलवार को प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हिरींग गांव निवासी सह डिग्री कॉलेज के दिंवगत प्रो राजेश्वरी प्रसाद सिंह के श्राद्ध कार्य में शामिल हुए और उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। इसके बाद कोबना पंचायत के बहेरी गांव निवासी डीलर स्वर्गीय रामस्वरूप सिंह के ब्रह्म भोज कार्यक्रम में शामिल हुए और उनके तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया और परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त किया।

## शव की हुई शिनाख्त

गोला (आजाद सिपाही)। बड़काकाना मुरी रेल खंड समलपुर के समीप रेल पटरी से विगत दिनों एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरलंगा पुलिस ने बरामद किया था। करीब एक सप्ताह के बाद शव की पहचान सग्रामपुर गांव निवासी महेंद्र मुंडा 40 वर्ष पिता दांदू मुंडा के रूप में की गयी। हालांकि वह समलपुर के रेल पटरी में कैसे गया। यह परिजन नहीं बता पा रहे है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन




टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली परियोजना के डिस्पेंसरी पीओ कार्यालय में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्त दान शिविर आयोजित किया गया है।इसमें रांची सदर अस्पताल के अन्तर्गत खलारी सिविल सोसाइटी के द्वारा रक्त संग्रह कर रांची ले गये।रक्त दान शिविर के मुख्य उदेशय थलेसिमिया रोगी बच्चों को खून की आपूर्ति किया जाने को लेकर यह आयोजन किया गया था। सर्व प्रथम परियोजना जीएम अमरेश कुमार सिंह ने शिविर का उद्घाटन रक्त दान कर किया। इसमें पीओ मोअकरम, मां लक्ष्मी प्रबंधक रंजीत सिंहा, सोनू, रंजन प्रधान इत्यादि सीसीएल कर्मियों और कर्मचारियों और अन्य लोगों ने 120 यूनिट रक्त दान किया गया।

# देश में सुलभ हो इंसाफ...

जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। इसे आम भारतवासी के जीवन और उसकी तकलीफों, संघर्षों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवंत जुड़ाव का ही प्रमाण मानना होगा कि उन्होंने न्यायपालिका के प्रति लोगों की भावनाओं को सहजता से सामने रख दिया। राष्ट्रपति ने इस बात को ठीक ही रेखांकित किया कि आम लोग जज को न्याय देने वाले भगवान की तरह देखते हैं, लेकिन फिर भी कोर्ट-कचहरी के नाम से डरते हैं। वहां जाने से बचने के लिए वे अपने जीवन में कई तरह के अन्याय चुपचाप बर्दाश्त कर लेते हैं। इसके पीछे दो बड़े कारक हैं। एक तो यह कि अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और दूसरी यह कि इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाये, तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाये गये फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद सुनाने में 32 साल लग गये। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं। पेंडिंग मामले निपटाने पर जोर वैसे यह बात सही है कि हाल के वर्षों में अदालतों में पेंडिंग पड़े लाखों मामलों को जल्द से जल्द निपटा कर न्यायपालिका का बोझ कम करने की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 479 को पुराने मामलों में भी लागू करते हुए पहली बार ऑफेंस करने वालों को बेल देने की व्यवस्था ऐसी ही एक अच्छी पहल है। अन्य स्तरों पर भी ऐसे प्रयास हो रहे हैं, लेकिन न्याय प्रक्रिया को सस्ता या कम खर्चीला बनाने के अपेक्षाकृत कठिन लक्ष्य पर ज्यादा ध्यान नहीं है। उम्मीद की जाये कि राष्ट्रपति की नसीहत इस कमी को दूर करने की प्रेरणा बनेगी।

**राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से जल्द ही 3 करोड़ दीदी लखपति दीदी बनेंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें एवं प्रगति के नये आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किये जा रहे हैं। मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है, जिन्होंने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया है। महिलाएं समाज और राष्ट्र की धुरी हैं।**

# सामाजिक परिवर्तन की संवाहक हैं 'लखपति दीदी'



**शिवराज सिंह चौहान**




मेरी बहनों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है किसी बहन के आंखों में आंसू न रहें, हर एक चेहरे पर मुस्कुराहट आये, कोई मजबूर न रहे, इसलिए उन्होंने लखपति दीदी अभियान चलाया है। ऐसी दीदी जिनकी सालाना आय 1 लाख से अधिक हो ऐसी 1 करोड़ दीदी, लखपति बन चुकी है और विगत 100 दिन में 11 लाख दीदी लखपति बनी है। हमारी सरकार इस अभियान में तेजी से जुटी हुई है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में प्रधानमंत्री के इस अभियान से लगातार महिलायें जुड़ रही है और स्व सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से जल्द ही 3 करोड़ दीदी लखपति दीदी बनेंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें एवं प्रगति के नये आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किये जा रहे हैं। मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है, जिन्होंने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया है।

महिलाएं समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है इसलिए प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। लखपति दीदी प्रधानमंत्री के इसी संकल्प का फल है।

**स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक बहनों ने अपनी पहचान स्थापित की है।**

महिला सशक्त होगी, तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य एवं राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति दीदी अभियान से पीढ़ियां समृद्ध और सशक्त हो रही है इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 2500 करोड़ रुपये रिवॉल्विंग फंड के रूप में स्व सहायता समूहों के खातों में डाले है और 5 हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण जारी किये है जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सके।

प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत को विकसित बनाने के लिए भारत की प्रत्येक महिला को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा, इसलिए हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति बढ़ाने के लिए सभी दिशाओं में काम कर रही है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, नमो ड्रोन दीदी इसी दिशा में बढ़ाये गये महत्वपूर्ण कदम हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देने और सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पहलुओं पर सशक्त बनाने की सोच को दशार्ते हैं। आज हमारी लखपति दीदी कृषि और गैर कृषि, कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान, परिवहन सहित व्यापार से जुड़ कर सशक्त हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी अपने सामाजिक राजनैतिक जीवन की शुरुआत से ही महिला कल्याण की दिशा में काम कर रहे है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने बहनों-बेटियों के सर्वसमावेशी विकास के लिए नारी गौरव नीति जैसी योजना बनायी। बहनें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से सक्षम बनें, इस दिशा में अनेक कार्य किये गये। आज बहनें सिद्ध कर रही हैं कि वह अबला नहीं, सबला हैं। बोझ नहीं, वरदान हैं। आज देशभर में करीब 92 लाख स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं जिनमें 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बहनों ने अपना जीवन बदला है और वे देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

प्रधानमंत्री का सदैव यह प्रयास रहा है कि बहनों के जीवन में कैसे खुशियां लेकर आएं। इसके लिए उनके नेतृत्व में अनेक तरह की योजनाएं भी बनायी हैं। जहां एक ओर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान और सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाओं के माध्यम से लिंगानुपात में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों का खुशहाली से कनेक्शन जुड़ा और धुएं से मुक्ति मिली। आज पीएम मुद्रा योजना और जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बहनों के खाते में खुशियां सीधे पहुंच रही हैं। जल जीवन मिशन जैसे अभूतपूर्व प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों को नल से शुद्ध जल मिलना आसान हुआ है। मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाने का प्रधानमंत्री का निर्णय अभूतपूर्व है और इसका सीधा लाभ कामकाजी महिलाओं को मिल रहा है ।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बेटियों के लिए सैनिक स्कूल के द्वार खोलने जैसे निर्णयों से सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। साथ ही भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और नयी भर्ती के द्वार भी खोले गये हैं। तीन तलाक के खिलाफ कानून बना कर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया जिससे उनका भाग्य बदला है। यह सभी निर्णय प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के परिचायक हैं। खेलों के क्षेत्र में महिलायें आगे बढ़े, नया टैलेंट बाहर आये, इसलिए खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से निकली खिलाड़ी बेटियों ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का तिरंगा लहराया है।

आजादी के अमृतकाल में नारी का अभ्युदय और प्रत्येक क्षेत्र में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए मोदी जी प्रतिबद्ध हैं। महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण हो, उनके राजनैतिक अधिकार भी सुनिश्चित हो इस दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गयी महिला कल्याण केंद्रित योजनाओं से महिलाओं को सुगमता के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। बेटियां गंगा, गीता, गायत्री हैं। सीता, सत्य, सावित्री हैं। दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती हैं। इनके बिना सृष्टि नहीं चल सकती। आज परिवार से लेकर पंचायत तक, शिक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था और उद्यम तक, नारी शक्ति हर क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रही है। स्टार्ट अप से लेकर स्पेस तक भारतीय महिलाओं ने अपना परचम लहराया है।

प्रधानमंत्री संकल्प के धनी हैं। वे दिन और रात काम करते हैं। उन्होंने लाल किले के प्राचीर से कहा कि मैं विकसित भारत बनाने के लिए तीन गुना अधिक ताकत से काम करूंगा। मैं लखपति दीदियों से अपील कर रहा हूं कि प्रधानमंत्री तीन गुना अधिक ताकत से काम करेंगे तो हम भी उनके पीछे दोगुनी ताकत से काम करेंगे। प्रधानमंत्री का संकल्प है गरीबी मुक्त गांव और वो गांव बनाने में हम भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

हमारे प्राचीन ग्रंथों में लिखा है कि नारी के बिना यज्ञ अधूरा है। विकसित भारत के निर्माण और राष्ट्र के संपूर्ण कल्याण का यज्ञ भी नारी के उत्थान एवं उसके सशक्तीकरण के साथ ही संभव है। निश्चय ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में माताओं, बहनों एवं बेटियों के कल्याण के जो कार्य हो रहे हैं, वह विकसित और आत्मनिर्भर भारत की भव्य इमारत को दिव्य आकार दे रहे हैं। आज हमारी माताएं, बहनें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं और हम सब विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देख रहे हैं। संपूर्ण विश्व कह रहा है कि यह समय भारत और भारत की नारी शक्ति के उदय का है।

**(लेखक केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री है।)**

## देश-विदेश की खबरें

### राजनाथ सिंह ने 10 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

# सेना को 1.45 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों की खरीद की मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सेना की ताकत बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने बड़ी पहल की है। रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 1.45 लाख करोड़ से टैंक के लिए आधुनिक कांबैट व्हीकल्स और गश्ती जहाज समेत कई अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद के 10 प्रस्तावों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंजूरी दी। इन रक्षा उपकरणों की लागत का कुल 99 फीसदी हिस्सा भारतीय स्तर डिजाइन, विकसित और निर्मित है। रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में भारतीय सेना के टैंक बेड़े के लिए फ्यूचर रेडी कांबैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इससे युद्धक टैंक बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक स्थिति पर काबू पाने और वास्तविक समय पर जागरूकता के साथ काम कर सकेंगे। इसके अलावा वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार की खरीद पर सहमति जतायी गयी। यह रडार हवाई लक्ष्यों का पता लगा कर उनको ट्रैक करेगा। साथ ही फायरिंग समाधान देगा। इस प्रस्ताव को फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) के लिए भी मंजूरी दे दी गयी है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। साथ ही मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन और बख्तरबंद रेजीमेंट दोनों के लिए अधिकृत है। इसके अलावा बैठक में भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तीन प्रस्तावों पर सहमति बनी। इसमें डोर्नियर-228 विमान, जो खराब मौसम में उच्च परिचालन सुविधा के साथ अगली पीढ़ी के तेज गश्ती जहाज है। गश्ती जहाजों की खरीद से समुद्री क्षेत्र, खोज एवं बचाव और आपदा राहत अभियान के दौरान आइसीजी की निगरानी, गश्त करने की क्षमता में वृद्धि होगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिवंगत भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल के निधन पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि डीजी राकेश पाल का 18 अगस्त को चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। इस दौरान रक्षा मंत्रालय और परिषद के तमाम अफसर मौजूद रहे।

# ओड़िशा में हाथियों और जंगली जानवरों के हमलों में इस साल 68 लोगों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** साल 2024 में ओड़िशा में हाथियों और दूसरे जंगली जानवरों के हमलों में कुल 68 लोगों की मौत हुई। यह जानकारी राज्य के वन मंत्री गणेश राम सिंगखुटिया ने मंगलवार को विधानसभा में दी। भाजपा के विधायक अरुण कुमार साहू के लिखित सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि इन हमलों में लोगों के हताहत होने के अलावा 1,087 घर और 2315.79 एकड़ में फसलें भी नष्ट हो गयीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जंगली जानवरों के हमलों से बचाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित इ-निगरानी परियोजना का शुभारंभ किया है। इस परियोजना के तहत चांदका वन प्रभाग के भरतपुर क्षेत्र, ढेंकनाल के हिंदोल क्षेत्र और अंगुल के बंटाला क्षेत्र में पायलट आधार पर निगरानी की जायेगी। मंत्री ने कहा, एआइ की मदद से वन विभाग के अधिकारी जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं और उसके अनुसार इंसानी बस्तियों को पहले ही सतर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ढेंकनाल वन प्रभाग में सबसे ज्यादा 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि कीनझर वन प्रभाग में आठ मौतें हुई हैं। इसी तरह, बोनाई और राउरकेल वन प्रभाग में प्रत्येक में छह-छह लोगों की जान गयी है और अंगुल वन प्रभाग में पांच लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा अथागढ़ और बरीपड़ा वन प्रभाग में चार-चार लोगों की मौत की खबर है। उन्होंने बताया कि सरकार अब तक जंगली जानवरों के कारण नुकसान की 9168 शिकायतें मिली हैं। सरकार ने 51.92 करोड़ रुपये का मुआवजा मंजूर किया है, जिसमें से 4.19 करोड़ रुपये प्रभावित परिवारों को वितरित किये जा चुके हैं।

# कर्नाटक सरकार ने डेंगू बुखार को महामारी घोषित किया

**बंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को राज्य में डेंगू बुखार को महामारी के रूप में अधिसूचित किया है। इसमें इसके सभी स्वरूप शामिल हैं। इसके अलावा कर्नाटक महामारी रोग विनियम 2020 में संशोधन के लिए नियम बनाये गये हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से जुलाई तक डेंगू के 7362 मामले दर्ज किये गये हैं। डेंगू से निपटने के लिए कार्य योजना का एलान करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, इस साल अब तक सात लोगों की मौत हुई है। डेंगू के मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में दस बेड रखने को कहा गया है। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को मच्छरदानियां प्रदान की जायेंगी। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है और सभी विभागों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हमने सभी विभागों को डेंगू के स्त्रोतों को कम करने का सख्त निर्देश दिया है। हमने आशा कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को घर-घर जाने के लिए कहा है। सरकार पूरे समय काम कर रही है। हमारा मकसद मच्छरों के प्रसार को रोकना है और इससे होने वाली मौतों को रोकना है।

# कर्नाटक के राज्यपाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार से मांगा जवाब

**बंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार के न्यास को जमीन के कथित आवंटन को लेकर जवाब मांगा है। राज्यपाल ने कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे औप मंत्री प्रियांक खड़गे को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग वाले भाजपा के एक आवेदन पर कांग्रेस सरकार से यह स्पष्टीकरण मांगा। प्रियांक खड़गे ने सोमवार को इसकी पुष्टि भी की है। खड़गे के बेटे राहुल खड़गे को आवंटित जमीन पर बीजेपी सांसद लहर सिंह सिरोया ने कहा, कांग्रेस ने अपनी सरकार का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि पांच एकड़ जमीन एयरोस्पेस के पास आवंटित करवायी थी। अब कई लोग हमसे संपर्क कर रहे हैं। 19 एकड़ अवैध जमीन आवंटन की बात सामने आ रही है।

# परीक्षण प्रयोगशालाएं एनएबीएल से मान्यता प्राप्त हैं टीपीडब्ल्यूओडीएल के सभी मीटर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला पश्चिमी ओड़िशा बिजली वितरण कंपनी टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने बिजली उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित होने वाले सभी स्मार्ट मीटरों के परीक्षण के लिए बुर्ला, बलांगीर और राजगांगपुर में तीन परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं। इन प्रयोगशालाओं का मूल्यांकन और मान्यता आइएसओ/आइइसी 17205ः 2017 परीक्षण और माप प्रयोगशालाओं के प्रदर्शन के लिए सामान्य आवश्यकताएं मानक के अनुसार राष्ट्रीय परीक्षण और आक्रेडिटेसन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा मान्यता प्राप्त है। हालांकि, कंपनी की राजगांगपुर, बुर्ला और बलांगीर स्थित मीटर परीक्षण प्रयोगशालाओं की परीक्षण अवधि 2025 तक है। इसलिए कंपनी की ओर से इन परीक्षकों के मूल्यांकन और मान्यता की अवधि बढ़ाने के लिए एनएबीएल आगे आवेदन किया जायेगा।

### बदलापुर केस में बांबे हाइकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# ठोस मामला बनायें, जनता के दबाव में काम न करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बदलापुर में स्कूल की दो बच्चियों के साथ अटेंडेंट के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में मंगलवार बांबे हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान जांच कर रही पुलिस टीम से मंगलवार को बांबे हाइकोर्ट ने कहा कि वे एक ठोस मामला बनायें और जनता के दबाव में आकर जल्दबाजी में आरोप पत्र दाखिल न करें। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने इस दौरान यह भी कहा कि लड़कों को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति डेरे ने सरकार के नारे में बदलाव करते हुए कहा, लड़कों की शिक्षा महत्वपूर्ण है। 'बेटे को पढ़ाओ बेटी को बचाओ'। बता दें कि हाइकोर्ट की पीठ ने पिछले महीने इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया था। वहीं सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता बीरेंद्र सर्राफ ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि जल्द ही आरोप पत्र दाखिल किया जायेगा। पीठ ने कहा कि विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन इसलिए किया गया, क्योंकि स्थानीय पुलिस ने मामले की ठीक से जांच नहीं की और आम आदमी का गुस्सा फूट पड़ा। अदालत ने कहा, यह एक बड़ा मुद्दा है। ये केस भविष्य में ऐसे सभी मामलों के लिए मिसाल कायम करेगा। जनता देख रही है और हम जो संदेश दे रहे हैं वह महत्वपूर्ण है। इसलिए जल्दबाजी में आरोपपत्र दाखिल न करें। अभी भी समय है। जनता के दबाव में न आयें। आरोपपत्र दाखिल करने से पहले जांच ठीक से होनी चाहिए। आरोपपत्र दाखिल करने से पहले, सुनिश्चित करें कि सब कुछ ठीक है। एक मजबूत मामला बनायें।

अदालत ने केस डायरी को बनाये रखने के पुराने तरीके के लिए एसआइटी को फटकार भी लगायी। क्या केस डायरी को बनाए रखने का यही तरीका है?। न्यायाधीशों ने कहा कि जांच के हर चरण का उल्लेख केस डायरी में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डायरी में विवरण का उल्लेख नहीं किया गया है। पीठ ने आगे कहा कि, केस डायरी में रूढ़िवादी शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। हम विवरण के संबंध में जांच के तरीके से संतुष्ट नहीं हैं। हमें कोई ठोस कदम नहीं दिख रहा है। पीठ ने कहा कि केस डायरी लिखने का उद्देश्य तब विफल हो जाता है, जब इसे इस तरह से लिखा जाता है और यह वास्तव में इस मामले की घटिया जांच को दर्शाता है।

इस बीच महाधिवक्ता सर्राफ ने उच्च न्यायालय को सूचित किया कि सरकार ने स्कूलों में लड़कियों की सुरक्षा के पहलू पर विचार करने के लिए एक समिति बनायी है। न्यायालय ने कहा कि उसे लड़कों की सुरक्षा की भी जांच करनी चाहिए। न्यायालय ने कहा, समिति स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर विचार करेगी। उच्च न्यायालय ने सुनवाई एक अक्तूबर तक स्थगित करने से पहले सुझाव दिया कि सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी मीरान बोरवणकर और एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय न्यायाधीश, साधना जाधव या शालिनी फनसालकर-जोशी को समिति में शामिल किया जाना चाहिए।

# एटलस साइकिल के पूर्व अध्यक्ष ने की खुदकुशी

**नयी दिल्ली।** एटलस साइकिल के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने मंगलवार को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम लेन स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है कि सलिल ने अपने घर में खुद को गोली मारकर खुदकुशी की है। मौके पर एसएफएल की टीम पहुंची गयी और जांच में जुट गयी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसमें कुछ लोगों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

# त्रिपुरा में राज्यसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत, कांग्रेस ने माकपा का नहीं दिया साथ

**अगरतला (आजाद सिपाही)।** त्रिपुरा की एकमात्र राज्यसभा सीट के चुनाव में भाजपा के राजीब भट्टाचार्य ने जीत हासिल की। उन्होंने कहा, मतदान पूरा हो चुका है। मुझे 60 वोट में से 47 मिले हैं। मैं त्रिपुरा के विकास के लिए काम करूंगा। वहीं, कांग्रेस ने चुनाव में मतदान से दूरी बनाये रखी। इस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी माकपा ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे थे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और माकपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा, हमने राज्यसभा चुनाव का बहिष्कार नहीं किया है। पार्टी ने हाल के हास्यास्पद पंचायत चुनावों के विरोध में मतदान न करने का फैसला लिया, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरा बन चुके हैं। त्रिपुरा में तीन-स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा ने 71 फीसदी सीटों पर बिना किसी मुकाबले के जीत हासिल की। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि वे इन 71 फीसदी सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतार सके, क्योंकि भाजपा ने आतंक की रणनीति अपनायी थी।

## प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल

कांडी(आजाद सिपाही)। थाना कांड संख्या 78/24 के प्राथमिकी अभियुक्त पतरिया गांव निवासी पारसनाथ पासवान उम्र करीब 19 वर्ष पिता बिगन राम को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि धारा 87/137 बीएन एस की पीड़िता को बरामद कर लिया गया है। साथ ही थाना कांड संख्या 80/24 के प्राथमिकी अभियुक्त गाड़ा खुर्द गांव निवासी वर्तमान पता नेहरू नगर मुहल्ला चिनिया रोड गढ़वा सुशांत कुमार द्विवेदी उर्फ राजा दुबे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## मृतक के परिजनों से बसपा नेता ने मुलाकात की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। देवीधाम बस्ती निवासी असहाय गणेश राम की पिछले दिनों निधन पर बसपा नेताओं ने मंगलवार को मृतक घर पहुंचकर परिजन से मुलाकात की। इस दौरान बसपा के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार रवि ने भावी विधायक प्रत्याशी पंकज चौबे की पहल पर मृतक के क्रिया कर्म हेतु 30 किलो आटा, एक तीन रिफाईन तेल व चीनी प्रदान किया। इस मौके पर महफूज आलम, नसीम अंसारी, राकेश रवि अविनाश राम, शकील अहमद, विगन विश्वकर्मा, बबलू पासवान आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, कई मामलों का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त, शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभगार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी और उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। मंगलवार के जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

सर्वप्रथम गढ़वा जिला के तीन मजदूर जाकिर हुसैन खान, सकलेन खान और नासिर आलम खान ने आवेदन पत्र समर्पित करते हुए बताया कि गढ़वा जिला के तीन मजदूर काम करने हेतु महाराष्ट्र के भुसावल गये थे। ठेकेदार फिरोज और उप ठेकेदार हसमत अंसारी द्वारा महाराष्ट्र राज्य बीज निर्माण कंपनी भुसावल में काम कराने के उपरांत मजदूरी भुगतान नहीं किया गया और मारपीट करते हुए भगा दिया। उन्होंने अनुरोध किया है कि उनकी मजदूरी भुगतान कराने की कृपा की जाए। उक्त मामले के निष्पादन हेतु श्रम अधीक्षक गढ़वा को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। सदर प्रखंड के पिपरा खुर्द गढ़वा निवासी अनीता देवी पति वाल्मीकि गुप्ता द्वारा जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष आवेदन पत्र समर्पित करते हुए ठगी की शिकायत की गयी है। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिला में अवस्थित न्यू सोना महल के दुकान मालिक लखन केसरी द्वारा प्रलोभन देकर पैसा की ठगी की गयी है और पैसा मांगने पर टालमटोल करने का कार्य किया जाता है, जिसके कारण वे मानसिक तनाव और खराब आर्थिक स्थिति से गुजर रही हैं। उन्होंने बताया कि उक्त ठगी की शिकायत संबंधित थाना में भी किया गया है, परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। अतः उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त दुकानदार द्वारा ठगी किये गये पैसा वापस कराने की कृपा की जाए। उक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक गढ़वा को निदेशित किया गया है। नगर ऊंटारी प्रखंड के कोलझींकी निवासी कुंती देवी द्वारा अबुआ आवास योजना उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन समर्पित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनका खपड़ापोस कच्चा मकान इस वर्षा ऋतु में गिर गया है एवं उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। मंझिआंव प्रखंड के पुरहे निवासी महेंद्र ठाकुर द्वारा विवादित जमीन में जल मीनार निर्माण करने की शिकायत की गई है। उन्होंने बताया कि रामनाथ ठाकुर एवं मनोज ठाकुर द्वारा विवादित जमीन में जल मीनार का निर्माण किया जा रहा है। अतः उन्होंने उक्त मामले की जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# बहेरवाखाड़ी डैम में डूबने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत स्थित भीतरी टोला के बहेरवाखाड़ी डैम में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक बनखेता गांव के ही श्याम बिहारी यादव के 32 वर्षीय पुत्र मनोज यादव बताया जा रहा है। वह अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाते हुए डैम में कूद गया था। घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर युवक के शव को डैम से बाहर निकलवाया तथा पंचनामा के बाद शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। जानकारी के अनुसार मनोज यादव प्रायः अपने मवेशियों को चराने के लिए बहेरवा डैम की तरफ जाता था, आशंका व्यक्त की जा रही है कि सोमवार की शाम में वह पेट्रोल खरीदा और अपने शरीर पर उड़ेल कर आग लगा लिया। इसके बाद वह डैम के गहरे पानी में कूद गया, जहां डूबने से मनोज यादव की मौत हो गयी। मंगलवार की सुबह गांव के ही जब कुछ ग्रामीण डैम की तरफ गये, तो डैम में एक युवक का शव उतराया देख इसकी जानकारी गांव वालो को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान मनोज यादव के रूप में की। उधर पुलिस मृतक के पिता से घटना की जानकारी लेने के बाद अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

# संगठन की मजबूती ही हमारा लक्ष्य: घनश्याम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** भारतीय नाई समाज का 37 वां स्थापना दिवस रंका प्रखंड कंचनपुर स्थित भगवती मंदिर के प्रांगण में मनायी गयी। साथ ही जिला कमिटी के जिला अध्यक्ष घनश्याम ठाकुर, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश ठाकुर, जिले का वरिष्ठ सदस्य मुकेश कुमार ठाकुर, सदस्य दिनेश ठाकुर और परशु ठाकुर के द्वारा रंका अनुमंडल के अध्यक्ष पद पर भोला ठाकुर व, सचिव पद पर कुलदीप ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक का मनोनयन किया गया। साथ ही रंका प्रखंड कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रामबाबू ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया। सचिव पवन कुमार ठाकुर, और उपसचिव बच्चू ठाकुर, उपाध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर, नवल ठाकुर, कामेश्वर ठाकुर कोषाध्यक्ष मुन्ना ठाकुर उपकोष राजेश ठाकुर, संगठन मंत्री सतीश कुमार ठाकुर उपसंगठन मंत्री दीपक ठाकुर सहित 11 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर चंदेश्वर ठाकुर, राम लगन ठाकुर राजेंद्र ठाकुर गुप्तेश्वर ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर रामप्रसाद ठाकुर, रामाधार ठाकुर, सत्यपाल, उज्जवल, प्रमोद, प्रेम, विजय, मुन्ना सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे। गठन के उपरांत लोगों को संबोधन करते हुए जिला अध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने कहा कि संगठन के मजबूती ही हमारा लक्ष्य है। आज तक हमारे जाति को जनप्रतिनिधियों द्वारा छलने का काम किया गया है। हमारे जाति को मिलने वाले लाभ से भी रोका गया है। जो बर्दाश्त से परे है। हम सबों को संगठित होकर अपने हक अधिकार के लिए एक जूट होकर लड़ने की आवश्यकता है। इसी बीच जिले का वरिष्ठ साथी मुकेश कुमार ठाकुर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि नाई जाति में लोग बहुत पीछे हैं, उन्हें शिक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है साथ ही साथ संगठन को मजबूत करने के लिए हमें हर पल एक दूसरे का साथ देना चाहिए तथा कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने लोगों को ससमय आगे बढ़ने और संगठित होने पर जोर दिया।

## बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़वा चट्टान स्थित शिवपूजन पेट्रोल पंप के सामने मुख्य पथ पर सोमवार की रात एक अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी गौतम कुमार राम तथा भवनाथपुर कपूर्री चौक निवासी अजेश कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। उक्त दोनों घायल युवकों को ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि बाईक सवार अजेश और गौतम सोमवार की रात करीब साढ़े सात बजे शिवपूजन पेट्रोल पंप से बाईक में पेट्रोल लेने के बाद ब्लॉक मोड़ की तरफ आने के लिए जैसे ही बाईक को मोड़ा उसी दौरान भवनाथपुर से श्रीबंशीधर नगर की तरफ जा रही एक अज्ञात बोलेरो की चपेट में आकर उक्त दोनों युवक गंभीर से घायल हो गये।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 9209 Dated 29.08.2024 I, Baby Devi, husband- Late Ramchandra Dusad, age about 45 years, religion Hindu, nationality-Indian, residence village Bhurkunda, Hospital Colony, P.O- Bhurkunda, police station- Patratu district- Ramgarh (Jharkhand), declare the following on oath that

1. That my husband's correct and actual name is Ramchandra Dusadh which is recorded in the service book and other documents of my CCSL. 2 That the birth certificate of my daughter Deepika Kumari is issued from Gram Panchayat Jawahar Nagar, whose registration number is 92/2009 and date of issue is 31/12/2009. In which the call letter of my husband i.e. Deepika Kumari's father named Lakhan paswan has been registered. The name of the road is Ramchandra Dusadh and Lakhan Paswan, both the names of the same person, he was my husband. 4. That I have prepared this affidavit to give before the concerned officer. 5. That the above statement is true and correct.


## जल सहिया संघर्ष समिति की बैठक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला जल सहिया संघर्ष समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मालती देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 8 सितंबर को नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल के प्रांगण में पुनः बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष मालती देवी ने कहा कि राज्य स्तर पर जलसहिया संघ द्वारा अनिश्चितकालीन महाधरना रांची में दिया जा रहा है। जिसमें गढ़वा जिला से सैकड़ो जल सहिया को शामिल करने के लिए निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार हम लोगों को पूरी तरह से बेरोजगार करना चाहती है, इसलिए अपने हक और अधिकार के लिए जो लड़ाई रांची में लड़ा जा रहा है। उसकी तैयारी और सफलता के लिए 8 तारीख को बंधन मैरिज हॉल प्रांगण की बैठक में सभी जल सहिया को जरूर पहुंचना होगा। मौके पर जिला महासचिव रेखा देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, प्रमिला देवी, रिचा देवी सहित दो दर्जन जल सहिया उपस्थित थीं।

## जायंट्स सेवा सप्ताह मनाये जाने को लेकर बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जायन्ट्स सेवा सप्ताह 2024 में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से 17 सितंबर को 11:00 बजे दिन में रंका मोड पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान, 18 सितंबर को नामधारी महाविद्यालय के सभागार में 11:00 बजे से अंगदान पर सेमिनार,19 सितम्बर को रंका मोड़ पर 11:00 बजे से पौधा वितरण, 20 सितंबर को ज्ञान निकेतन स्कूल में 11:00 बजे से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 21 सितंबर को मच्छरदानी तथा वस्त्र वितरण कल्याणपुर गाँव में, 22 सितंबर को 7:00 बजे सुबह रंका मोड़ से स्वच्छता अभियान,साथ ही शाम में ज्ञान निकेतन स्कूल में समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान ने अब तक किए गए कार्यक्रामों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, राजीव रंजन अग्रवाल आदि जायन्ट्स सदस्य उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड नगर उंटारी अंतर्गत ग्राम पंचायत चितविश्राम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर उंटारी अदिति गुप्ता, 20 अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, मुखिया सनिधा सोनी, बीडीसी मृदुला द्विवेदी, प्रखंड कार्यालय प्रधान अनिल कुमार सिंह, सरकार के प्रतिनिधि झामुमो नेता मानवेंद्र प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडे, शैलेश चौबे, अमर पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार, वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविर में 629 आवेदन प्राप्त, 49 का निष्पादन

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। सरांग पंचायत भवन में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख दीपा कुमारी, अंचल अधिकारी सह बीडीओ संदीप कुमार मद्धेशिया, सीआरपी महेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, पेंशन, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली, खाद आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों के अलग अलग स्टॉल का लगाये गये थे। इस मौके पर बीडीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने मौजूद लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। शिविर में 629 आवेदन प्राप्त हुआ. जिसमे 49 आवेदनों का निष्पादन किया गया। इस मौके बीस सूत्री शैलेंद्र प्रताप देव,मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह,पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह,प्रखंड नजीर मुकुल कुमार,प्रखंड सहायक बिनय कुमार, प्रखंड ऑपरेटर एजाज आलम, अंचल निरीक्षक जयप्रकाश कुमार,राजस्व उप निरक्षक जितेंद्र कुमार, अंचल सहयक अमल सिंह सहित कयी ग्रामीण उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यकों के विकास के लिए मंत्री ने कभी नहीं सोचा : डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के टेढ़ी हरैया गांव के कई लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने एआईएमआएम की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों को पार्टी की पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि वर्तमान विधायक सह झारखंड प्रदेश के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अल्पसंख्यकों को सिर्फ छलने का काम किया है। अल्पसंख्यकों के विकास के लिए उन्होंने कभी नहीं सोचा। जिसका नतीजा है कि अल्पसंख्यक लोग विभिन्न समस्याओं से घिरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हजरत मलंग शहदता के उर्स के मौके पर हजरत मलंग शहदता के मजार के सुंदरीकरण को लेकर उर्स कमेटी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन वर्तमान विधायक सह मंत्री के द्वारा हजरत मलंग शाहदता के मजार के सुंदरीकरण को लेकर कोई पहल नहीं की गयी। मजार की स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। एआइएमआइएम की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग ए आई एम आई एम की नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए हैं। उन्होंने कहा कि वे तन मन धन से इस पार्टी को सहयोग करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधर, जिला कोषाध्यक्ष इस्तखार अहमद खान, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला महासचिव एमडी रमजान अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, मेराल प्रखंड के युवा अध्यक्ष एमडी अली उर्फ लाला भाई, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, वकील, जिला सचिव अशोक चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी के द्वारा अपने एक पूर्ववर्ती छात्र के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र जिसने उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमिशन में छठी रैंक से सफलता प्राप्त कर जिला उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हुआ है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के गाड़ा खुर्द पंचायत अंतर्गत सुंडीपुर गांव निवासी उदय कुमार सिंह का पुत्र राहुल कुमार सिंह ने वर्ष 2013 की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में इसी स्कूल से अपियर होकर गढ़वा जिला में टॉप किया था। इसी के उपलक्ष्य में किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल के सचिव आनंद प्रकाश दुबे की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान और नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि विद्यालय के प्राचार्य नवनीत कुमार दुबे ने कहा कि आज हमारे स्कूल का प्रोडक्ट उत्तराखंड राज्य में सफलता का परचम लहरा रहा है। यह स्कूल एवं इस इलाके के लिए गौरव की बात है।

# लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये : डीसी

**उपायुक्त ने राशन वितरण को लेकर पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मेराल प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ उनके द्वारा राशन वितरण किये जाने संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में राशन वितरण के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने संबंधित निदेश दिये गये। इस संबंध में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को हो रही परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशीन एवं तराजू में आ रही परेशानियों के बारे में बताया गया। साथ ही मशीन की बैटरी, चार्जर खराब होने की स्थिति से भी अवगत करायी गयी। इस संदर्भ में उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा मौके पर उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडे को आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया।

इसके अतिरिक्त पीवीटीजी डाकिया योजना, धोती साड़ी वितरण योजना, एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस अंतर्गत खाद्यान्न वितरण समेत अन्य की समीक्षा की गयी। लाभुकों को ससमय राशन वितरण उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही गयी। साथ ही राशन वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही को बर्दाश्त नहीं करने की बात कही गयी। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रभारी एवं मेराल प्रखंड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली के दुकानदार आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

–: आम सूचना :–

एत्द द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बड़कागांव डाक बंगला के सामने बने 24 दुकानों के ऊपर 24 दुकानों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 18.09.2024 को 2:00 बजे अपराहन् में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 334623 District(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-12/2024-25

पत्रांकः–607 दिनांक :–03.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 11.09.2024 के अपराहन 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 12.09.2024 के अपराहन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.09.2024 के अपराहन 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा ।<br>2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान 1. | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of SamudayikBhawan at Chour Near- Chabutra, Panchyat-Aara, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 2. | Construction of SamudayikBhawan at kari in AAdimJanjatiBirhorTolaPanchyat-Moktama, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 3. | Construction of SamudayikBhawan at Chiretwa Near-Chabutra, Panchyat-Godhai, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 4. | Construction of SamudayikBhawan at TapezBeside Agriculture Building, Panchyat - Dewariya, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 5. | Construction of SamudayikBhawan at Budhigada Near-BhuiyanToliMandap, Panchyat-Joldiha, Block-Hunterganj, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 6 | Construction of SamudayikBhawan at Bihiya, Panchyat-Daha, Block-Hunterganj, Dist-Chatra for the year 2024-25 | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |

PR 334615 (Building) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का प्रयास करते दो युवक गिरफ्तार

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो थाना क्षेत्र में बारह वर्षीय नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करते दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता की मां ने कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि, रविवार को वह काम करने रांची गयी थी। उनकी 12 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी। रविवार दोपहर दो लड़कों ने घर में घुस कर दरवाजा बंद कर दिया और लड़की से दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगे। पीड़िता ने शोर मचाया तो आस-पास के ग्रामीण निकले और उन्होंने दोनों युवकों को पकड़कर बांध दिया। पकड़े गये आरोपियों की पहचान बगड़ू थाना क्षेत्र के बेटहट गांव निवासी अयूब अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र तौहिद अंसारी और कैरो थाना क्षेत्र के चेरिमा गांव निवासी अमरूद्दीन अंसारी का 21 वर्षीय पुत्र निजामुल अंसारी के रूप में कई गयी है। मामले पर कैरो थाना कांड संख्या 38/24 धारा 65 (1) 62, 12 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# बुनियादी सुविधाओं से आदिवासियों को वंचित रखा है हेमंत सरकार ने: मनीर उरांव

## पेशरार में बदहाल विद्युत व्यवस्था के विरोध में भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा पेशरार मंडल के अगुवाई में मंगलवार को सुदूरवर्ती तुईमू और हेसाग पंचायत के दर्जनों गांवों में वर्षों से बिजली बाधित रहने के विरोध में समहरणालय के मैंदान में धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अगुवाई में भाजपा का प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को प्रेषित मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाअध्यक्ष मनीर उरांव, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, बालकृष्णा सिंह, अजय पंकज, संजय प्रसाद, पशुपति नाथ पारस, मंडल प्रभारी मिथुन तमेड़ा, रामकुमार खेरवार, बनवारी सिंह, जगेश्वर टाना भगत सहित दोनों पंचायत से सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

धरना सभा में भाजपा नेताओं ने कहा कि पंचायत तुईमू प्रखंड



पेशरार में आजादी के लगभग 6 दशक बाद पूर्व की मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराया गया था। इससे ग्रामीणों में काफी हर्ष व्याप्त था। वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार में बिजली की स्थिति बद्तर हो गयी है। पिछले 6 माह से गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प है। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेशरार प्रखंड के तुईमु पंचायत के गनेशपुर, हुढ़मूढ़, मनहेपाठ, चाढ़ीं, चापरोंग, हेन्हे, निंदी, पेरतोल, गढातु, सनई, जुड़नी, गुनी, हंदी, चुरवे, तूडुर और हेसाग पंचायत के पुंदाग, हेदेहास, खाम तोतरो, पहाड़ दाडू, हतवल कुंबा टोली, बांडी, हेसाग, दुंदरु, तुरियाडीह, जवाल, मुंगो, बिडनी आदि गांव बिजली के अभाव में प्रभावित हैं। गांव के छात्र छात्राओं को पठन-पाठन, खेती, दूरभाष यंत्र, छोटी प्रतिष्ठान का कार्य प्रभावित है। नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड के अधिकांश गांव अंधेरे के आगोश में जीवन यापन करने को विवश हैं। बिजली के अभाव में आम ग्रामीण बाजार से ऊंचे दर पर किरोसीन की खरीदारी कर डिब्री की रोशनी कार्य करने को बाध्य हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार और सरकार के मुख्यमंत्री केवल आदिवासी एवं जनजाति के नाम पर राजनीति करने का कार्य कर रहे हैं। उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर शोषण किया जा रहा है। राज्य में सभी सरकारी योजनाओं में बिचौलिया हावी है। योजना राशि भ्रष्टाचार का भेट चढ़ रहा है। कार्यक्रम में कृष्णा सिंह, जागेश्वर टाना भगत, बनवारी सिंह, बुधु भगत, रोहित, वीरेंद्र, अणेश्वर मुंडा, राजू असुर, रविंद्र सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मंईयां योजना को बंद करवाने की कोशिश के खिलाफ झामुमो महिला मोर्चा में आक्रोश, फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को बंद करने के लिए भाजपा के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का विरोध जमशेदपुर में देखने को मिला। मंगलवार को झामुमो केंद्रीय कमिटि के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम झामुमो महिला मोर्चा ने जुबली पार्क गोल चक्कर के पास मुख्य सड़क में जमकर नारेवाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान महिला मोर्चा के सैकड़ो महिलाओं ने भाजपा का पुतला फूंक कर विरोध जताया। वहीं महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रावती महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता को 15-15 लख रुपए देने का झूठा वादा किया था। लेकिन जब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी 21 साल से 50 साल तक कि प्रत्येक महिलाओं को साल में 12000 रुपये देना शुरू किया, तो भाजपा के बड़े नेताओं के पेट में दर्द होने लगा। उन्होंने कहा, विधान सभा चुनाव नजदीक आते ही झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोकप्रियता को देखकर भाजपा घबरा गयी है। भाजपा मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को बंद करना चाहती है। इसके लिए भाजपा के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि झारखंड की महिलाओं को भाजपा सोची समझी साजिश के तहत आगे बढ़ने में रोक लगा रही है। जिसका झामुमो महिला मोर्चा निंदा करती है। विरोध प्रदर्शन में नीता सरकार, रजनी दास, माया टुडू, सपना, सोना, झरनापाल, सविता दास, दुर्गा बोयपाई, सविता सिंह,रानी सिंह, अनीता देवी, द्रोपति मुर्मू, गुड़िया पात्रो सहित सैकड़ों की कतार में महिला नेत्री उपस्थित रही।

## कुडू कप का विजेता बना स्टूडेंट कोचिंग सेंटर



कुड (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड मुख्यालय स्थित संत विनोबा भावे स्टेडियम टाटी में टी एफ सी टाटी द्वारा आयोजित 19वां कुडू कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब स्टूडेंट कोचिंग सेंटर कुडू की टीम ने इंडिपेंडेंस कोचिंग सेंटर को 1-0 से हराकर जीत लिया। तृतीय स्थान में सुंदुरू और चतुर्थ स्थान में बिंदास क्लब ब्लॉक मैदान की टीम रही। फाइनल मैच सह पुरुस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड पीपुल्स पार्टी के नेता अनिल टाना भगत ने विजय टीम को पुरुस्कृत करते हुए कहा कि खेल का जीवन में बहुत ज्यादा महत्व है। खेल मन, शरीर, पैसा, सोहरत सब प्रदान करता है। इस मौके पर दीपक पासवान, अमित सिंह, प्रदीप ठाकुर, संजय, सन्नी, विशाल साहदेव आदि मौजूद थे।

## चौकीदार चयन समिति की बैठक आयोजित



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिले में चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति को लेकर जिला चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर आगामी 19 सितंबर 2024 को लिखित परीक्षा होनी है। प्राप्त आवेदनों पर अभियार्थियों से दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए तिथि 11.09.2024 निर्धारित किया गया है। बैठक में उपायुक्त के द्वारा प्रभारी उप समाहर्ता को चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानकारी के संबंध में प्रचार प्रसार हेतु 04.09.2024 को विज्ञापन प्रकाशित करवाने का निर्देश दिया गया। केंद्राधीक्षक और वीक्षको के चयन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, प्रभारी उप समाहर्ता सामान्य शाखा अजय कच्छप, पुलिस प्दाधिकासंबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिविर में 723 आवेदन पत्र, 273 का निष्पादन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के खुरा में पंचायत स्तरीय शिविर प्रखंड मुख्यालय के उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित किया गया। हाई स्कूल परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, जिप सदस्य संतोषी शेखर, उप प्रमुख विरेंद्र जायसवाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, उपमुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 723 आवेदन पत्र प्राप्त हुईं, जिसमें अबुआ आवास योजना का सबसे अधिक 270 आवेदन प्राप्त हुई, सर्वजन पेंशन का 23,जॉब कार्ड 150 आवेदनसमेत अन्य विभागों का आवेदन पत्र प्राप्त किये गये, जिसमें 273 आवेदन का निष्पादन किया गया।

# बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज थाना में 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' का आयोजन 6 को

संतोष सिन्हा/कुतुबुद्दीन

**बालूमाथ/बारियातू (आजाद सिपाही)।** महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखंड रांची के आदेश के आलोक में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निवारण किये जाने को लेकर बालूमाथ थाना बारियातू और हेरहंज थाना सहित पूरे राज्य भर में 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' का आयोजन किया किया गया है। इसी क्रम में बालूमाथ थाना परिसर में 06 सितंबर को 11:30 बजे पूर्वाहन में बालूमाथ, हेरहंज और बारियातु थाना परिसर में संबंधित क्षेत्रवासियों के लिए जन शिकायतों की सुनवाई के लिए 'जन




शिकायत समाधान कार्यक्रम' के तहत आम ग्रामीणों का आपसी और भुमि विवाद के दर्जनों मामले का समाधान किया जायेगा। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने क्षेत्र के आम जनताओ, से अपील किया है कि अपने जन शिकायतों को लेकर बेधड़क संबंधित थाना पहुंच कर समाधान हेतु बालूमाथ थाना परिसर में पहुंचे।

आगे उन्होंने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत लातेहार जिला हेतु Email ID- jansikayat- latehar@jhpolice.gov.in और संपर्क नं0- 8987871922 है। इन ईमेल/फोन/व्हॉटसअप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। आगे उन्होंने क्षेत्र के पंचायत के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों / जन प्रतिनिधियों/ आम जनों/ सिविल सोसाइटी के साथियों, पत्रकारों को उक्त कार्यक्रम में पधारने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना पुलिस ने मंगलवार को भंडरा थाना क्षेत्र के वकील अंबा गांव निवासी शुक्रवारो के पुत्र राजेंद्र उरांव को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कोर्ट आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर न्यायालय द्वारा जीआर 1717 को लेकर गिरफ्तारी वारंट निर्मित किया गया। इसके बाद भंडरा थाना पुलिस ने आरोपित को भंडरा बाजार गिरफ्तार के जेल भेज दिया है। आरोपित के विरुद्ध सड़क घटना का मामला 2017 में दर्ज किया गया था।

## खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि कैरियर का एक अच्छा विकल्प: नेसार अहमद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के अरकोसा नवा टोली में गांव में नेशनल फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का समापन किया गया । समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नेसार अहमद प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस और विशिष्ट अतिथि जगदीप भगत प्रदेश सचिव प्रकाश उरांव, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, परवेज सिद्दीकी और तारीक अनवर शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। फाइनल मुकाबले में जिओ मैक्स फुटबॉल क्लब लोहरदगा और डीसी एन फुटबॉल क्लब लोहरदगा के बीच खेला गया, जिसमें जिओ मैक्स 4 - 3 से विजय रही। अतिथियों के द्वारा विजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच नगद पुरस्कार राशि का वितरण किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार, तृतीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार और चौथे स्थान पर आए टीम को 10 हजार नगद राशि दिया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के जगदेव उरांव, जीवन टोप्पो, जगदीश, मोबिन अंसारी, मुखिया वीरेंद्र उरांव, रमेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जनस्वास्थ्य विरोधी मंत्री को पद से बर्खास्त कर देना चाहिए : सरयू राय

> विधायक सरजू राय ने विधानसभा क्षेत्र का लिया जायजा, संबंधित अधिकारी को कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य का जायजा लिया। मंगलवार को विधायक श्री राय ने विकास कार्य का निरीक्षण कर जमशेदपुर अक्षेस, पथ निर्माण विभाग, विशेष प्रमंडल व टाटा स्टील यूएसआईएल के अधिकारियों को काम में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया। वहीं एमजीएम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में अधीक्षक और उपाधीक्षक से मुलाकात कर अस्पताल की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए। मौके पर सरयू राय ने कहा भुइयांडीह आक्सीजन कॉलोनी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार है। सितंबर के अंत तक कई इलाकों के घरों में पानी मिलने लगेगी। बाबूडीह, लाल भट्ठा क्षेत्रों में पाईप बिछाने का कार्य जारी है। जोजोबेड़ा में भी इस माह से पानी मिलने लगेगा। लिट्टी चौक के आगे नदी पर बनने वाली पुल के लिए मुख्य सड़क बनाने का कार्य तेजी से चल रही है।

### एमजीएम की स्थिति बदतर, सुधारने में चार साल लगेंगे : सरयू राय

विधायक सरयू राय ने कहा एमजीएम अस्पताल की दुर्दशा किसी से छुपा नहीं है। अस्पताल के अधीक्षक व उपाधीक्षक से बात करने के बाद यह निष्कर्ष पर पहुंचे विगत चार वर्षों में अस्पताल की स्थिति जितनी बदतर हुई है, उसे सुधारने में कम से और चार साल लगेंगे।

**स्वास्थ्य मंत्री का प्रतिनिधि चला रहा समानांतर ऑफिस :** एमजीएम अस्पताल की दुर्दशा का मुख्य कारण अस्पताल के कार्यों में स्वास्थ्य मंत्री का राजनीतिक हस्तक्षेप है। स्वास्थ्य मंत्री का एक प्रतिनिधि अनाधिकृत रूप से अधीक्षक के कार्यालय के सामने एक बड़ा कमरा कब्जा करके अधीक्षक के समानांतर ऑफिस चला रहा है। वह अस्पताल अधिकारियों के काम में हस्तक्षेप कर रहा है। अस्पताल के इमरजेंसी और वार्डों में मरीजों का इलाज फर्श पर हो रहा है।

श्री सरयू राय को अधीक्षक ने कहा कि ओपीडी में दिखाने के लिए 1800 मरीज आये। इमरजेंसी में 50 बेड हैं, लेकिन वहां मरीजों की संख्या 80 है। यहीं स्थिति अस्पताल के विभिन्न वार्डों की है। श्री राय ने एमजीएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से कहा वे डिमना लेक के माध्यम से चांडिल डैम का पानी अस्पताल तक लाने का प्रस्ताव सरकार को भेजें। यह सवाल विधानसभा के मानसून सत्र में उठाया था, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री इस पर मौन रहे। उनकी रुचि बस अस्पताल का भवन बनवाने तक सीमित थी। ऐसे व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्री के पद पर बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है। राज्य के मुख्यमंत्री को अविलंब इन्हें स्वास्थ्य मंत्री के पद से बर्खास्त देना चाहिए।

# कुणाल षाड़ंगी ने हल्दिया से लौटे 21 कामगारों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** हल्दिया मछली फैक्ट्री में कार्यरत बरसोल के 21 कामगार, जो कुछ दिनों पहले पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की पहल से सुरक्षित अपने घर लौटे थे, आज कुणाल षाड़ंगी से उनके घरों पर मुलाकात की।

ये कामगार पिछले एक महीने से बिना वेतन के काम कर रहे थे और अचानक कंपनी द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद मुश्किल हालात का सामना कर रहे थे। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने उनके लिए खाने की व्यवस्था की और घर लौटने के लिए बस टिकट की व्यवस्था भी की थी। मंगलवार को कुणाल षाड़ंगी ने इन कामगारों से मुलाकात के दौरान उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कामगारों में अमृत बेरा, अर्धेन्दू प्रधान, अशोक बारीक, नीलकमल खंडपत्र, मंटू बारीक, पवन सिंह, पायलट दास, सनातन सिंह, शांतनु नायक समेत सभी 21 लोग शामिल थे। सभी ने कुणाल षाड़ंगी के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी त्वरित सहायता को सराहा जिससे वे सुरक्षित अपने घर लौट सके।इस मौके पर सिबु प्रधान, सुलेखा सिंह, अभिजित दास, दीपक, अनिमेष, गुडू शुक्ला, शुभाशिश करण, नंदन मैटी, सोमिट्रो घोष मौजूद थे।

# योजनाओं में शतप्रतिशत योग्य लाभुकों को ही योजना का लाभ मिले: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर बैठक कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रखंड वार शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनों और अब तक निष्पादित किये गये आवेदनों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने और योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों को लाभ देने के संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा जिन मुख्य योजनाओं को चिन्हित किया गया है, उनमें सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि उन सभी योजनाओं में शतप्रतिशत योग्य लाभुकों को ही योजना का लाभ मिले। इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है और वरीय पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने की जरूरत है। आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायतों में आयोजित हुए शिविरों में आने वाले सभी लोगों के मामलों को पूरी गंभीरता से लें और यथासंभव ऑन द स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों को पूरी जानकारी दें अधिकारी : राधा तिर्की



सेन्हा-लोहरदगा। लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र भड़गांव पंचायत में मध्य विद्यालय के समीप आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ जीप सदस्य राधा तिर्की, 20 सूत्री समिति अध्यक्ष अफरोज आलम, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने पदाधिकारियों से कहा कि पदाधिकारी सरकार की योजनाओं का जनता को पूरी जानकारी दें। वहीं जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों द्वारा लगभग पांच लाख तक का परिसंपत्ति का वितरण करने के अलावे धोती साड़ी का और कृषि दवा का वितरण किया गया। मौके पर डॉ. रोहित कुमार, त्रिवेणी भगत, नागमनी उरांव, अजय कुमार वर्मा, सुजीत उरांव, दिवाकर पांडेय सहित ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# डीसी ने साप्ताहिक जनता दरबार में लोगों से की मुलाकात, शिकायतों पर जांचोपरांत होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला ने साप्ताहिक जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्र से आये लोगों का व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याओं से अवगत हुए। मंगलवार को मुलाकात के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन हस्तांतरित कर नियम संगत यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिए। वहीं डीसी ने कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान किए। जनता दरबार में तिरूरलडीह के भूमि संबंधित मामले, दुलमी पंचायत के शहीद जवानों के आश्रित को मिलने वाले सरकारी सुविधाओं की लंबित मामले, मानिक बाजार उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में अनियमिता बरतने, आंख के इलाज हेतु मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के लाभ प्रदान करने, गम्हरिया-आदित्यपुर क्षेत्र में विगत 30-40 वर्ष से निवासरत लोगों के इडब्लूसी बनाने, बाबा कुटी छठ घाट की मरमती, अंचल कार्यालय चांडिल में सीपीसी के लंबित मामलों के निष्पादन समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसरित किया गया।

## छात्रा को विद्यालय परिसर में सांप ने डसा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुरूम गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरा मार निवासी जगन्नाथ खड़िया की 10 वर्षीय पुत्री रजन्ति खड़िया को स्कूल परिसर स्थित चापानला में पैर हाथ धोने के क्रम में करेंत सांप ने पैर में डस लिया। छात्रा तत्काल भाग कर अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। आनन फानन में परिजन छात्रा को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल छात्रा ने बताया पैर में तेज जलन हो रहा है वहीं पैर भी फूल गया है जानकारी देते हुए छात्रा ने बताया मैं प्राथमिक विद्यालय ओरा मार में पढ़ाई करती हूं मंगलवार को विद्यालय गयी थी इसके बाद अपने अन्य सहपाठियों के साथ चापानला में पैर-हाथ धो रही थी। तभी एक सांप अचानक आया और मेरे पैर को काट लिया। इसके बाद सांप वहीं पर गोल होकर बैठ गया। डर से हम लोग वहां से भाग गये। घटना की जानकारी पर विद्यालय के शिक्षक छात्रा के घर पहुंचे और तत्काल उसे सदर अस्पताल भेजने में सहयोग किया।

## धाना उरांव के घर से मिला अजगर सांप



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चपका गांव में मंगलवार को धाना उरांव के घर से अजगर सांप मिला। वही ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मिली जानकारी के अनुसार धाना उरांव के घर स्थित बकरी रखने वाले घर में बकरी को निकालने के लिए सुबह गया। बकरी निकाला इस क्रम में घर में रखे ड्रम को हटाया। तो देखा कि करीब 5 फीट का अजगर सांप बैठा हुआ है। इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। वही ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। समाचार चलाये जाने तक वन विभाग के कर्मी उक्त स्थल नहीं पहुंचे थे।

## लायंस क्लब ने कुओं में डाला ब्लीचिंग पाउडर




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आज चंदाली से लेकर टोटो तक कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला गया और ग्रामीणों के बीच ब्लीचिंग पाउडर के पैकेट का वितरण भी किया गया और इसके फायदे भी बताये गये जैसे- ब्लीचिंग पाउडर पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं और वायरस को मारकर पानी को शुद्ध करता है। शुद्ध पानी पीने से ग्रामीणों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। स्वच्छ पानी उपलब्ध होने से ग्रामीणों को पानी की तलाश में समय नहीं लगता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष लां राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला अशोक कुमार जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया, हेमंत कुमार, शिव कुमार लाल, शशि किरण जयसवाल, सत्येंद्र गुप्ता, मुरली मनोहर प्रसाद, महेश प्रसाद गुप्ता, रीता कुमारी गुप्ता और सरस्वती प्रसाद का योगदान रहा।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने किया भरनो प्रखंड का भ्रमण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने मंगलवार को जिला के भरनो प्रखंड का भ्रमण किया। कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्होने उनका कुशल-क्षेम जाना। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि झारखंड में कभी भी आचार संहिता लग सकती है, और तिथि निर्धारण के अनुसार विधानसभा चुनाव होना तय है सभी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह के साथ लोकसभा जीत दिलायी है। इसी जोश, उत्साह के साथ हम सभी को विधानसभा चुनाव में काम करने की आवश्यकता है। आप सभी पदाधिकारी बुथ और पंचायत पर जाये। लोगों के साथ बैठक कर उसे और मजबूत बनाने के लिए सभी बुथो का समीक्षा करें। बूथ और पंचायत के एक एक कार्यकर्ता से मिले उसके सुख-दुख जाने। तभी हम और भी मजबूत हो पायेंगे, और गुमला जिला के तीनों महागठबंधन का विधायक बने उस दिशा पर हम सभी को काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी जहां भी आवश्यकता होगी मैं हर वक्त आप के साथ खड़ा रहुंगा। प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव ने कहा कि जिस प्रकार प्राकृतिक सौंदर्य का आकलन उसकी सुंदरता से आंका जाता है, उसी प्रकार मनुष्य की सुंदरता का आकलन उसके विचारों और उसके स्वभाव से होता है। किसी भी व्यक्ति को महान बनाने में उसकी बाहरी सुंदरता ही नहीं बल्कि उसकी सोच और उसकी विचारधारा अधिक महत्वपूर्ण होती है। बाहरी सुंदरता तो किसी को एक बार प्रभावित करती है, लेकिन व्यक्ति की आंतरिक गुण और उसके संस्कार, विचार, कार्यशैली का प्रभाव चिरस्थाई रहता है। जो लोगों के सुख दुख में हर समय उपस्थित रहते हैं। वह हमारा जिला अध्यक्ष चैतु उरांव है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पतित पवन शाही, साबिर फरास, पिंटू शाही, मीर गुलजार अफजल खां, जुगल उरांव,अंतिम खां, अजहर अली, लालु कुल्लू, बालेश्वर महली मीर दुबराज, बरजू सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोटो में आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन



**टोटो (आजाद सिपाही)।** बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आज उच्च विद्यालय टोटो में आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन लगाया गया। जिसका थीम था कबाड़ से जुगाड़। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में लगभग 25 प्रदर्श लगाये गये। जिसका अवलोकन विद्यालय परिवार के ही बच्चों और शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें मुख्यतः अभिषेक कुमार को प्रथम ऋषिका कुमारी को द्वितीय और नौशीन निशा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वही गुनगुन कुमारी, रागिनी कुमारी सुमन कुमारी, शाजिया परवीन, रोहित कुमार राम राजू महतो इत्यादि बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया कार्यक्रम की रूपरेखा सोनाली त्रिपाठी और नीलम संगीता एक्का के द्वारा तैयार की गयी। जिसमें डॉक्टर प्रज्ञा पाठक दीपिका ओहदार अगस्टिन लकड़ा सिसिलिया केरकेट्टा, संजय लकड़ा, किरण कुल्लू, भूमिका कुमारी, ममता देवी इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## गुमला में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

# कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा

**मामलों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से लगभग 50 से अधिक नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को बताया। उपायुक्त द्वारा कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया और कुछ मामलों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



### मुआवजे की राशि देने का निर्देश

**इस दौरान मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लिए कई आवेदकों ने उपायुक्त को अपना आवेदन दिया और उन्हें इस योजना का लाभ देने हेतु आग्रह किया। जन शिकायत निवारण दिवस में सिसई के रहने वाले मोखतार अहमद ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं, और उनके घर में 6 सदस्य रहते हैं उनका घर अत्यंत बारिश होने के कारण कच्चा मकान गिर गया, उन्होंने बताया कि उन्होंने अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन दिया है, जल्द योजना अच्छादित करने हेतु आग्रह किया। जिस पर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को पत्र अग्रसारित करते हुए उन्हें आवास योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया, साथ ही उन्होंने अपर समाहर्ता गुमला को पत्र अग्रसारित करते हुए आवेदक को आपदा प्रबंधन के नियम के अनुसार मुआवजा राशि भी प्रदान करने का निर्देश दिया।**

घाघरा निवासी मनीष उरांव ने बताया कि उनकी उम्र 12 वर्ष की हो चुकी है, और वे बोल नहीं पाते हैं। मनीष अपने नजदीकी गांव के विद्यालय में अपनी पढ़ाई कर रहें हैं। उन्होंने उपायुक्त से सहयोग के लिए आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र अग्रसारित किया और मनीष उरांव का अविलंब दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाते हुए उन्हें पेंशन योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

घाघरा निवासी सुशीला देवी ने अपने आवेदन में बताया कि उनके स्व. ससुर चौकीदार पद पर नियुक्त थे और उन्होंने ससुर के बाद अपने लिए नियुक्ति हेतु अपना आवेदन समर्पित किया, उन्होंने कहा की उन्होंने नियुक्ति हेतु परीक्षा भी दो है। उपायुक्त ने कहा कि नियमानुसार नियुक्ति की जायेगी , सामान्य शाखा को उन्होंने पत्र अग्रसारित किया।

घाघरा निवासी दिलेश्वर उरांव ने बताया कि उन्हें कुछ दिनों पूर्व एक नवजात शिशु नदी किनारे लावारिस रोता हुआ दिखा, जिसके पश्चात उन्होंने उस बच्चे को अपने घर ले आया और घाघरा थाना और सीडब्ल्यूसी को इसकी सूचना भी दी, वे कहते हैं कि वे उस लावारिस बच्चे को गोद लेना चाहते हैं, परंतु सीडब्ल्यूसी द्वारा इस बच्चे को वापस नहीं दिया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने दिलेश्वर उरांव को एक बच्चे को सुरक्षित रूप से घर ले जाने हेतु उनकी सराहना की, साथ ही उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पत्र अग्रसारित किया और उन्हें सम्मानित करने की बात कही, उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिलेश्वर उरांव को सीडब्ल्यूसी के नियमों से अवगत करवाते हुए आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

नेतरहाट सड़क मार्ग पर जाते हुए गमहरपाठ ग्राम के ग्रामीणों ने उपायुक्त से मुलाकात की, उन्होंने बताया कि उनके ग्राम तक जाने के के लिए सड़क मार्ग नहीं होने से उनके आवागमन में समस्या आती है। उपायुक्त से सड़क निर्माण हेतु आग्रह किया जिसपर उपायुक्त ने ग्रामीण पथ प्रमंडल विभाग को पत्र अग्रसारित किया और उक्त सड़क की जांच और डीपीआर /एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**वक्ताओं ने कहा छात्र-छात्राओं के साथ किसी तरह की अनहोनी हो 102 नं कर तुरंत कॉल करें मदद के लिए पुलिस तुरंत पहुंच जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे मंगलवार को महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी गुमला गीता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को महिला जागरूकता पर विशेष जानकारी देते हुए कहा महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए समग्र और सामुहिक दृष्टिकोण आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझनी होगी। लड़की और लड़कों को समानता और सम्मान को सिखाने की जरूरत है। महिलाओं के खिलाफ होने वाली अपराधों के प्रति समाज की संवेदनशीलता बढ़ायी जानी चाहिए। इसके लिए सभी को शिक्षित व जागरूक होना होगा। आज के समय में महिलाओं के साथ घटने वाली घटना को रोकने के लिए छात्र छात्राओं को आगे आना होगा। समाज में फैली दहेज, भ्रुण-हत्या, डायन प्रथा जैसे कुरीतियों के प्रति सभी को जागरूक होना होगा। कम उम्र के बेटियों को समाज के कुछ दलाल किस्म के लोग बहला फुसलाकर महानगरों में ले जाकर बंधक रख देते हैं। वैसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है। परेशानी आने पर नजदीक के थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दे। वक्ताओं ने कहा छात्र छात्राओं के साथ किसी तरह की अनहोनी हो 102 नं कर तुरंत कॉल करें मदद के लिए पुलिस तुरंत पहुंच जायेगी। इस बीच सभी पुलिस अधिकारीयों ने छात्र-छात्राओं को अपने अपने मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। मौके पर महाविद्यालय के प्रधान सहायक सुरेश साहु, शिक्षिका सुनैना कुमारी, सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**गुमला(आजाद सिपाही)। गुमला लोहरदगा रोड स्थित पुलिस लाइन चंदाली के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से साइकिल सवार फोरी सुगी टोली निवासी 60 वर्षीय डहु उरांव और सरंगो निवासी 25 वर्षीय दीपक उरांव घायल हो गये। वही अंजन धाम से पूजा कर वापस लौट रहे बाइक सवार हर्षित शर्मा, अभिषेक सिंह और सोनू राम की नजर सड़क पर बेहोशी का अवस्था में पड़े दोनों घायलों पर पड़ी। तत्काल दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दीपक उरांव किसी काम से बाइक से गुमला रहा था वही उसके डहु उरांव साइकिल से गुमला बाजार आ रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन पहले बाइक उसके बाद साइकिल को टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक वृद्ध को होश नहीं आया है जबकि दीपक उरांव बातचीत कर रहा है। घटना में दोनों के सिर चेहरा और शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है।**

# मासिक गुरु गोष्ठी और यू डाइस प्रशिक्षण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** मंगलवार को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रभारी प्रधान अध्यापक की मासिक गुरु गोष्ठी और यू डाइस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रशिक्षक अभिजीत सेन ने सभी विद्यालय को udise plus पोर्टल में सभी विद्यालयों को शिक्षकों और बच्चों के आंकड़ों को अदतन रिपोर्ट करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इ-कल्याण पोर्टल में वर्ग 1 से 10 तक के सभी बच्चों की छात्रवृति भरने, reading compain, इको क्लब के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण करने, सभी मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय द्वारा इंस्पायर अवार्ड में नॉमिनेशन करने, प्रतिदिन छात्र उपस्थित, शिक्षक उपस्थित और एमडीएम एसएमएस करने इत्यादि का दिशानिर्देश दिया गया। बैठक में सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधान अध्यापक, संकुल साधन सेवी, प्रखंड साधन सेवी, लेखापाल, कंप्यूटर ऑपरेटर अन्य उपस्थित थे।

## आगामी विस चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक, की प्रेस वार्ता

# जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर रिकार्ड कायम करेगी भाजपाः संतोष पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाजपा जिले के तीनों विधानसभा पर प्रचंड जीत दर्ज कर रिकार्ड कायम करेगा। इसके लिए हर एक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में खून-पसीना बहा रहे है। प्रत्याशी कोई भी हो, झारखंड राज्य को जीत कर डबल इंजन की सरकार बनाना है। उक्त बातें छतीसगढ़ राज्य के राजनंदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार हर एक छोटी सी छोटी बातें को गौर कर रही है। जिससे किसी प्रकार का चूक ना हो। सबसे पहले हमें हर पंचायत के बुथ को मजबुत करने की जरूरत है। जब हम बुथ जितेगें, तभी जाकर चुनाव भी जीत सकते है। बुथ स्तर पर हर एक कार्यकर्ताओं को बेहतर तरीके से कार्य करने की जरूरत है। गांव के ग्रामीणों को केंद्र में बैठे नरेंद्र मोदी के योजनाओं के बारे में बतायें और उनहे लाभान्वित करवायें। झारखंड सरकार के विफलताओं को भी भली-भांति बताने की जरूरत है। सिसई व बिशुनपुर विस के प्रभारी प्रवीण सिंह ने कहा कि आदिवासी भाई-बहनों को पाटने की जरूरत है। तभी जाकर हमारे लिए रास्ता साफ हो सकता है। मंडल के हर एक कार्यकर्ताओं को काम पर लगाये। जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पदाधिकारी को घर पर बैठने ना दें। दो माह की बात है, हर एक को गांव-गांव भेजें। इसके बाद उक्त दोनो नेताओं ने जिले के जिलाध्यक्ष, महामंत्री और अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जातिवाद वोटरों पर मंथन करने में जूट गये। साथ ही सभी भाजपाईयों को एक मंच में आकर जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहु, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी, विजय मिश्रा, जिला महामंत्री, रामवतार भगत, यशवंत सिंह, महिला जिलाध्यक्ष गौरी किंडो, प्रमंडलीय प्रभारी राधेश्याम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा, सत्यानारायण पटेल, विकास सिंह, बबलू वर्मा, छोटे सोनी, दिनेश कुमार समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

## आजसू का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन आज, शिरकत करेंगे सुदेश महतो

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी का गुमला विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन कल 4 सितम्बर 2024 दिन बुधवार को डुमरडीह बाईपास स्थित स्वर्णभूमि बेंक्वेट हॉल में संपन्न होगा। चूल्हा प्रमुख सम्मलेन में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो उपस्थित रहेंगे। इनके साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी और पार्टी के केंद्रीय नेता सम्मलेन में भाग लेंगे। सम्मलेन में गुमला विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पदाधिकारी, अनुसंगी इकाई के सभी पदाधिकारी और मुख्य रूप से पार्टी के 5000 से अधिक चूल्हा प्रमुख उपस्थित रहेंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी पुरे दमखम के साथ झारखंड में झारखंडी जन भावनाओं से जुड़े मुद्दों पर जनता की आवाज बनेगी। पुरे झारखंड की जनता ने इस बार मन बना लिया है की इस झूठी, गूंगी- बहरी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेकना है। कार्यक्रम में सुदेश महतो के समक्ष सैकड़ों कार्यकर्ता आजसू पार्टी का दामन थामेंगे।

## भरनो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत डोंबा में झारखंड सरकार का विशेष कार्यक्रम सरकार आपके द्वार का कैंप लगाया गया। कैंप के माध्यम से झारखंड सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी लाभ हेतु सभी विभाग के स्टॉल लगाये गये थे जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड का लाभ, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से फूलों झानो आशीर्वाद योजना, जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत धोती साड़ी 25 लाभुक को दिया गया। वृद्ध एवं विधवा पेंशन 20 लाभुक को दिया गया। बाल विकास परियोजना की तरफ से पांच लोगों का गोद भराई एवं दो बच्चों का अनप्रास किया गया। अबूवा आवास के लिए काफी भीड़ लगी हुई थी लगभग 600 आवेदन जमा किये गये। मुख्यमंत्री मैया योजना का आवेदन 185 जमा हुआ। कैंप में अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलम केर-केट्टा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, सहित सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी और हजारों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## आदर दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** आदर दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता गोपाल गोप ने की। बैठक में बीते साल की लेखा-जोखा प्रस्तुत कर पुरानी कमीटी को भंग कर नये कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमीति से अध्यक्ष बादल राम, सचिव पप्पू गुप्ता, मुख्य संरक्षक कुमार रवि, संरक्षक गोपाल गोप, कुंवर वर्मा, समत साहु, राजीव उरांव, कोषाध्यक्ष सुमंत कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेन्द्र महतो, सोमनाथ उरांव, सह सचिव बासुदेव महतो, अजय साहु, बिनोद राम, बालो राम, बीनोद गोप, धर्म देव सिंह, सचिन गोप सह कोषाध्यक्ष निकेस साहु को चुना गया। वही नवचयनित अध्यक्ष बादल राम ने कहा की सभी के सहयोग से पुनः इस बार दुर्गा पूजा भव्य तरीके से पूजन की जाएगी ।साथ ही आकर्षक लाइटिंग को व्यवस्था होगी। बैठक में राजकुमार भगत, बीरेंद्र सिंह, मोतीलाल महतो मनी महतो, बन्धन महतो, केशव महतो, परमेश्वर राम सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में इंटरमीडिएट सत्र में नामांकन शुरू




**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में इंटरमीडिएट ग्यारहवीं सत्र 2024-2026 में नामांकन के लिए फार्म वितरित शुरू हो गया है। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष काफी इंतजार के बाद विश्वविद्यालय से महाविद्यालय में इंटर में नामांकन के लिए स्वीकृति मिला है। जिससे छात्रों मे हर्ष है। महाविद्यालय में नामांकन नहीं होने से सैकड़ों मैट्रिक पास छात्र-छात्राएं नामांकन से वंचित थे।

## चर्म और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप आठ को गुमला में, सुबह 10 बजे से देंगे परामर्श

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 8 सितंबर दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड की ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म और कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

## श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के द्वारा 4 सितंबर दिन बुधवार को संध्या 7 बजे मंदिर प्रांगण बैठक आहूत की गयी है। जिसमें पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गयी है। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार 'चीनी' ने अनुरोध किया है कि सभी पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्यगण बैठक में समय पर उपस्थित होने की कृपा करें।

## सबका साथ सबका विकास केवल भाजपा शासन में ही संभव : नरेंद्र



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने मंगलवार को विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा अंतर्गत ग्राम सोहदाग, नावा बाजार, महुगवां और पांडू आदि गांवों का दौरा किया। उन्होंने मझिआंव के हरिजन टोला, पांडू, सोहदाग में अल्पसंख्यक समाज के लोगों के बीच भाजपा की ओर से चलाए जा रहे किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना के लाभार्थी से मिलकर विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बताया कि आज देश का हर वर्ग केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से लाभावितं हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को भाजपा ने चरितार्थ किया है। भाजपा ने कभी भी किसी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया। इस लिए प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर हर वर्ग का विश्वास है। उन्होंने बताया की पार्टी में कार्य करते हुए वकालत भी की जो उनका पेशा रहा है। जिससे उनके साथ समाज के हर वर्ग के लोग जुड़े हैं। उन्होंने हजारों लोगों को वकालत के माध्यम से निःशुल्क मदद भी की है। जिस कारण क्षेत्र में जानता से सम्मान-प्यार मिल रहा है।

## कार चोरी के मामले में गोंदा पुलिस ने आहिल राजा से पूछताछ के बाद छोड़ा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के बंजारी मोहल्ला निवासी आहिल राजा को रांची के गोंदा पुलिस ने कार चोरी के मामले में पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। विदित हो कि आहिल राजा को शहर के बंजारी मोहल्ला से बीते शनिवार को रांची की पुलिस ने हिरासत में लिया था। राजा ने बताया कि चोरी के कार से संबंधित मामले में गोंदा थाना में पूछताछ में कहीं से भी संलिप्तता नहीं पाये जाने पर उन्हें छोड़ दिया है।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा आरंभ




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी इलाके में जागरूकता के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह पखवाड़ा 15 सितंबर तक चलेगी। इसके तहत विशेष प्रार्थना सभा में प्राचार्य द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर छात्रों व शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद कक्षा प्रथम से अष्टम तक के छात्रों के लिए स्वच्छता जागरूकता संदेश संबंधी चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सभी जन-जागरूक एवं सामाजिक अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। विद्यालय के रुप में समाज को जागरूक करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी स्वच्छता को पूजते थे। यह अभियान एक दिवसीय नहीं बल्कि हमें प्रत्येक दिवस खुद राष्ट्र के हित के लिए अपने समीप के स्थानों को स्वच्छ रखने में योगदान होना चाहिए। हमें अपने आस-पड़ोस को साफ रखने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को दी गयी विदाई

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड सभागार में समारोह आयोजित कर सुपरवाइजर गुलशन आरा को विदाई दी गई। सीओ मदन कुमार सुमन ने कहा कि नौकरी में ट्रांसफर पोस्टिंग तो लगी रहती है लेकिन जहां कोई भी कर्मी जिस क्षेत्र में जहां लगातार सेवा देता है वहां के लोगों से लगाव हो जाता है। जिसे जीवन भर भूल नहीं पाता है। सीओ ने पुष्पगुच्छ देकर गुलशन आरा को सम्मानित किया। वहीं, गुलशन आरा ने कहा कि अपने 6 साल 10 महीने के कार्यकाल में सभी का सहयोग मिला।

### पलामू में जमीन विवाद को लेकर 2017 में हुई थी हत्या

# हत्या के पांच दोषियों को उम्रकैद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र में साल 2017 में जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के पांच आरोपितों को दोषी करार देते हुए डालटनगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त छह महीने की सजा भुगतनी होगी। गौरतलब हो कि उक्त मामला 11 अगस्त 2017 को हरिहरगंज थाना में दर्ज हुआ था। वादिनी उषा कुवंर ने पांच व्यक्तियों प्रमोद भुइंया, जगनरायण भुइंया, अजीत भुइंया, मुकुल भुइंया और रामजी भुइंया पर लाठी-डंडों से पीटकर अपने पति जगरेश सिंह की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद मामला अदालत पहुंचा और न्यायाधीश ने दोषियों को भारतीय दंड संहिता (भादवि) की धारा 302 के तहत उम्रकैद (आजीवन कारावास) की सजा सुनाई। वहीं, हत्याकांड का अनुसंधान करने वाले अधिकारी सअनि० मुस्तफा हुसैन के अनुसार, इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस और अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य पेश किए। इससे समाज में एक मजबूत संदेश जाएगा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभियोजन कोषांग के प्रभारी ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है और इसे न्याय की जीत बताया है।

## युवक को लगी गोली, सीएचसी हरिहरगंज में प्राथमिक इलाज के बाद औरंगाबाद रेफर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिहार के औरंगाबाज जिले के नवीनगर निवासी सौरभ सिंह को पीठ में गोली लगी थी। परिजन उसे मंगलावर को तुरंत हरिहरगंज सीएचसी केंद्र ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे औरंगाबाद अस्पताल रेफर कर दिया गया है। आन ड्यूटी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि औरंगाबाद के नवीनगर शहर के लखनपुर बारा गांव निवासी सौरभ सिंह को पिठ में गोली लगी है, परिजन इलाज को लेकर आये थे। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि घटना बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र में हुई है। घायल युवक को एक टेंपू चालक लेकर सीएचसी केंद्र आया था। हांलाकि इस मामले में खबर लिखे जाने तक घटना कैसे घटी इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## महिला बोगी में यात्रा कर रहे सात यात्री गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देश पर जवानों ने मंगलवार को डेहरी-बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन में अभियान चलाकर महिला बोगी में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे सात लोगों को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर जेल भेज दिया। इस संबंध में आरपीएफ पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे लोगों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसमें आरपीएफ के एएसआई जेपी यादव, दिनेश प्रसाद, अनवर हुसैन और एसके राय आदि शामिल थे।

## मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग

**उत्पाद सिपाही बहाली में युवाओं की मौत पर एनसीपी गंभीर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** उत्पाद सिपाही परीक्षा के लिए अलग-अलग जिलों में चल रही दौड़ प्रतियोगिता के दौरान अबतक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने इन घटनाओं पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस मामले को लेकर गंभीर नहीं हैं। यह सरकार युवाओं को नौकरी के नाम पर मौत बांट रही है। दीपक पासवान समेत अबतक राज्य के विभिन्न जिलों के 12 युवाओं की जान जा चुकी है। प्रतिदिन दौड़ के दौरान युवा गंभीर हो रहे हैं। उनका समुचित इलाज नहीं होने से भी उनकी जान जा रही है। दीपक पासवान 28 अगस्त को दौड़ के दौरान अचेत हो गए थे। रांची के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। सोमवार को उनकी मौत हो गई। उन्होंने घटना के पीछे के कारणों की जांच कराने की राज्य सरकार से मांग की है। साथ ही सरकार से मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 25 लाख रुपए मुआवजा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वह सड़क से सदन तक उनके लिए लड़ने को तैयार हैं।

## पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट भी जरूरी: डॉ चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय की ओर से संचालित इंजीनियरिंग व पॉलीटेक्निक कॉलेज में मंगलवार को नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुई। आरसीयू सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसका संचालन प्रो गोविंद सिंह ने किया। इस दौरान नवनामांकित छात्रों की ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ। जिसमें इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक के सभी विभागों के नवनामांकित छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ राम कुमार सिन्हा और डॉ रवि कुमार ने छात्रों को सभी विभागों के प्राध्यापक एवं व्याख्याता से परिचय कराया। इसके बाद कॉलेज में उपलब्ध संसाधन के बारे में जानकारी दी। वहीं, डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही स्किल डेवलपमेंट बहुत जरूरी है। बच्चे पढ़ कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे यही महत्वपूर्ण है। सभी छात्र-छात्राए पढ़ाई के बाद अपने माचा-पिता के साथ ही गांव, समाज का नाम रोशन करें और देश-विदेश में ख्याति अर्जित करें। वहीं, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा की आज से सभी छात्र-छात्राओं का एक नया जीवन प्रारंभ हो रहा है। अपना लक्ष्य खुद निर्धारित कर आगे बढ़ना है। डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी ने कहा कि कॉलेज में संसाधन की कमी नहीं है। ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड मनीषा सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन कक्षा में उपस्थित रहने को कहा। बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य की गई है। मौके पर वाइस चांसलर डॉ कल्याण कुमार, रजिस्ट्रार देवाशीष मंडल व डीन फैकल्टी डॉ अभिनाश कुमार ने भी छात्र छात्राओं को कई सुझाव दिये।

## अमर बाउरी से मिलकर छात्रों ने की जेटेट सिलेबस में बदलाव की मांग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठयक्रम में बदलाव की मांग को लेकर छात्रों का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को राज्य के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से मिला। इसस दौरान जेटेट परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। बीएड पास अभ्यर्थी रंजन यादव ने कहा कि जेटेट का नया पाठ्यक्रम आइएस एवं आइआईटी परीक्षा के समतुल्य कर दिया गया हैं। उसे बदला जाए, क्योंकि उसका स्तर काफी उच्च कर दिया गया है। सिलेबस को छात्रहित में शीघ्र संशोधित किया जाए। इस मौके पर श्वेता कुमारी, गजाला प्रवीण, नेहा कुमारी, कुंदन पांडेय आदि मौजूद थे।

## 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा के सदस्य बनें: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को कनकारी व भड़गांवा का दौरा कर जनता की समस्याओं को सुना। कहा कि भाजपा की ओर से जारी एप्स पर स्कैन कर अपने सुजाव भेजें जिसे पार्टी अपने मेनिफेस्टो में ज्यादा शिकायत आने वाली समस्या को शामिल करेगी। प्रथम महापौर ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस कॉल कर भाजपा का सदस्य बनने का अनुरोध किया। उन्होंने गांव की समस्या सुनी। कहा कि गांव में विकास की बहुत सारी संभावनाएं हैं। अगली सरकार भाजपा की बनेगी और मॉडल गांव का प्रारूप तैयार कर गांव का विकास होगा। जिसमें रोड, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, रोजगार सेंटर एवं शहरों की तर्ज पर दादा दादी पार्क प्रमुख होंगें। प्रथम महापौर ने महिलाओं से भी मिलकर उनकी बातों को सुना और कहा कि आने वाला दिन महिलाओं का होगा। भारत सरकार ने 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दे दिया है। जहां हर सदन में 33 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व करेंगी। महिलाओं की समस्याओं का समाधान होगा।

## राजद के जिला महासचिव के पिता का निधन, शोक

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजद नेता विजय चंद्रवंशी व मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड 33 की पार्षद चंचला देवी के ससुर गणेश राम का निधन हो गया। मेदिनीनगर कोयल नदी के घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, भाजपा नेत्री सह प्रथम महापौर अरुणा शंकर, राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, भाजपा महामंत्री मनोज सिंह, श्रीराम सेना प्रमुख पंकज जायसवाल, दीपू चौरसिया, भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश प्रवक्ता कुमार गौरव, कांग्रेस नेता मुकेश सिंह आदि ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

पत्रांक–559 /दिनांक–02.09.2024

निविदा स्थगन सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR / F2-28/2023-24(IInd call) जिसका PR No-333928 ( water resource) 2024-25(D ) है, जो विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी, को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 334548 (Water Resource) 24-25 (D)

## स्पोर्ट्स



रावलपिंडी में खेले गये दो टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया।



# बांग्लादेश ने पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर रचा इतिहास, दूसरा टेस्ट छह विकेट से जीता




**रावलपिंडी/पाकिस्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मैच रावलपिंडी में खेला गया। मैच के आखिरी दिन मंगलवार को नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश के लिए लिट्टन दास ने पहली पारी में शतक लगाया। बतातें चलें कि पहले टेस्ट में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान पर 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ यह बांग्लादेश की पहली जीत थी। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था बांग्लादेश ने लगातार दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया। दोनों मुकाबले रावलपिंडी में खेले गए। पहले टेस्ट में हार के बाद पाकिस्तान टीम की खूब आलोचना हुई थी। अब दूसरा टेस्ट हारने पर पाकिस्तान टीम और खिलाड़ियों पर खतरा मंडराने लगा है। बांग्लादेश ने पिछला टेस्ट जीतकर पाकिस्तान पर इस प्रारूप में पहली जीत हासिल की थी। अब बांग्लादेश ने न सिर्फ पहली बार पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में हराया है, बल्कि पहली बार सूपड़ा साफ भी कर दिया है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 274 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 262 रन पर समाप्त हुई थी। इस तरह पाकिस्तान ने पहली पारी के आधार पर दूसरी पारी में 12 रन की बढ़त हासिल की थी। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 172 रन बनाए और बांग्लादेश के सामने 185 रन का लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य को बांग्लादेश ने चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। लिटन दास इस मैच के हीरो रहे। उन्होंने पहली पारी में 26 रन पर छह विकेट गंवा चुकी बांग्लादेशी टीम को मेहदी हसन मिराज के साथ मिलकर संभाला और 138 रन बनाए थे।

**बांग्लादेश ने चौथी बार किसी टीम का क्लीन स्वीप किया**

बांग्लादेश की टीम साल 2000 से टेस्ट खेल रही है। तब से लेकर अब तक उसने सिर्फ चार बार दो या इससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय सीरीज में किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है। पाकिस्तान से पहले बांग्लादेश की टीम 2009 (2-0) और 2018-19 (2-0) में वेस्टइंडीज का और 2014-15 में जिम्बाब्वे (3-0) का सूपड़ा साफ कर चुकी है। इसके अलावा बांग्लादेश ने 2022/23 में आयरलैंड, 2019/20 में जिम्बाब्वे और 2021 में भी जिम्बाब्वे को एकमात्र टेस्ट सीरीज में हराया था।

### 17 वीं बार पाक का टेस्ट में सूपड़ा साफ

यह टेस्ट में 17वीं बार है जब पाकिस्तान को दो या इससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ का सामना करना पड़ा है। वहीं, अपने घर में पाकिस्तान को दूसरी बार दो या इससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ का सामना करना पड़ा है। इससे पहले 2022/23 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को उसके घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था। शान मसूद की टीम को अब बांग्लादेश के खिलाफ शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है।

## जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण कमेटी की हुई बैठक

**मेदिनीनगर (आजचाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलास्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण कमेटी की बैठक हुई। जिसमें ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिये क्या-क्या किया जा सकता है इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में बोर्ड की सदस्य आयशा सिंह किन्नर ने कहा कि हमारे समुदाय की नयी पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षित बनाना जरूरी है। आयशा सिंह किन्नर ने अपने समुदाय का आवश्यक दस्तावेज बनवाने पर बल दिया। इस पर डीसी ने सभी संबंधितों को एक तिथि तय कर विशेष शिविर के माध्यम से सभी का राशन,आधार व वोटर कार्ड बनवाने की बात कही। वहीं, आयशा सिंह ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिये गरिमा गृह के निर्माण को लेकर भी अनुरोध किया, जिस पर डीसी ने उन्हें आश्वत किया कि जमीन तय होने के बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। वहीं ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए निजी आवास का भी निर्माण किया जायेगा।आयशा ने असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी का भी मुद्दा उठाया इस पर सदर एसडीपीओ को उचित कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया।

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।
Apprenticeship मेला से संबंधित आवश्यक सूचना

कोडरमा जिले के तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (ITI/ Diploma/Engineering/Short term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (पांचवी से स्नातक आदि), के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि MSDE भारत सरकार द्वारा उद्योगों में कुशल कारीगरों की प्रबंल मांग को देखते हुए Apprenticeship act 1961 के अन्तर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में PM National Apprenticeship मेला PMNAM 2024 का आयोजन दिनांक– 09.09.2024 दिन सोमवार को जे0 जे0 कॉलेज, झुमरीतिलैया, कोडरमा के प्रांगन में सुबह प्रात: 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक किया जायेगा।

अतः Apprenticeship मेला 2024 में योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार/प्रशिक्षु नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ मेले में भाग लेकर सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशों/SOP का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

सहायक शिक्षु सलाहकार(AAA)
–सह–जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 334506 Labour Employment and Traning(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 25/2024-25

1 विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 12.09.2024 को अप0 12:00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13.09.2024 के अप0 2:30 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13.09.2024 के अप0 3:00 बजे से।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–

| SI. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of ST Boy's College Hostel Simdega College Simdega, Dist-Simdega (Miscelleneous Civil Works) | 49,13,600.00 | 98,300.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |
| 2 | Renovation of Boys Hostel Kolebira (in Campus SS High School Kolebira) Block-Kolebira, Dist-Simdega. | 49,98,277.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |
| 3 | Renovation of ST Girls Hostel Jitutoli in Block-Bano, Dist-Simdega. | 49,98,119.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |
| 4 | Renovation of Girls Hostel Kolebira (in Campus SS High School Kolebira) Block-Kolebira, Dist-Simdega. | 49,98,916.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 334563 Simdega (24-25)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 04 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


महत्वपूर्ण न्यूज

## बीआइटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में 'अवलोकन 2024' का समापन



**सिंदरी (आजाद सिपाह)।** बीआइटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में प्लेटिनम जुबली महोत्सव के अंतर्गत एसोसिएशन ऑफ सिविल इंजीनियर्स की ओर से आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव 'अवलोकन 2024' का मंगलवार को समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन विभिन्न तकनीकी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिनमें 'टेक्निकल पेपर प्रेजेंटेशन-जेनेसिस', 'मॉडल मेकिंग-गेम ऑफ ट्रस' और 'कैड इवेंट-कैड मैन' प्रमुख थे। इनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 'टेक्निकल पेपर प्रेजेंटेशन-जेनेसिस' में आलोक कुमार और ऋषभ कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आयुष कुमार भगत और सूरज कुमार की टीम दूसरे और हर्ष भोगता-निखिल कुमार की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि मॉडल मेकिंग-गेम ऑफ ट्रस में रॉयल अवेंजर्स की टीम ने प्रथम, टीम स्टॉर्म और टीम 157 क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, कैड इवेंट-कैड मैन में असैनिक अभियंत्रण के द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष भोगता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हार-जीत का महत्व नहीं है, बल्कि मेहनत और अनुभव से सीखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही अवलोकन 2024 के सफल आयोजन के लिए एसोसिएशन ऑफ सिविल इंजीनियर्स के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर डॉ उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ निशिकांत किस्कू, डॉ ब्रह्मदेव यादव, डॉ कोमल कुमारी, डॉ अभिजीत आनंद, प्रो इकबाल शेख, प्रो सरोज मीना और प्रो प्रशांत रंजन मालवीय आदि उपस्थित थे।

## अशर्फी अस्पताल की ओर से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में कैंसर के प्रति किया गया जागरूक




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी अस्पताल के सीइओ सह सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मुराडीह, बरवाअड्डा में मंगलवाार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था. इसमें कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को लेकर जागरूक करना था। शिविर में कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने हिस्सा लिया और समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इनमें रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, वजन, सामान्य स्वास्थ्य एवं कैंसर परीक्षण शामिल थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जांच कराई और स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टर से जानकारी ली। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस प्रकार के शिविर हमारे समाज के उन वर्गों तक पहुंचने का एक प्रयास है, जो नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के और शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके।

## चोरी की बढ़ती घटनाओं के विरुद्ध जदयू का तोपचांची थाना के समक्ष धरना आज



**तोपचांची/कतरास (आजाद सिपाही)।** हीरापुर स्थित यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को जदयू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता फुलचंद दास ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने तोपचांची में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर बुधवार को थाना के आयोजित होने वाले समक्ष धरना प्रदर्शन की तैयारियां की समीक्षा की। कहा कि चोरों के आतंक से तोपचांची के लोग परेशान है। पिछले दो माह में लगभग दर्जनों घरों में चोरी की गटनाएं हो चुकी है। पर स्थानीय पुलिस एक भी घटनाओं का उद्भेन नहीं कर पाई। मजबूरी में ग्रामीण अपनी गाढ़ी कमाई को बचाने के लिए रातजग्गा कर रहे हैं। ऐसे में स्थानीय पुलिस-प्रशासन को जगाने और कर्तव्य बोध कराने के लिए जदयू और यूथ फोर्स संगठन बुधवार को तोपचांची थाना के समक्ष विराट धरना प्रदर्शन करेगा। जिसमें अधिक से अधिक लोग पहुंचे और पुलिस को जगायें। बैठक का संचालन धनबाद जिला जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास और धन्यवाद ज्ञापन यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड दक्षिणी भाग के प्रखंड महामंत्री नुनु मनी सिंह ने किया। बैठक में पूर्व जिप सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी, काजल देवी, जिला महासचिव संजय दे, संजय पांडेय, संतोष साव, अमित दास, तारा बाबू, केदार सिंह, विजय पांडेय, महेंद्र दास आदि मौजूद थे।

## सिंदरी में लीज धारकों के लिए नया संकट एफसीआइ के आदेश पर बढ़ता विरोध

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** हाल ही में जारी एफसीआई के नए आदेश ने सिंदरी क्षेत्र के लीज धारकों के बीच असंतोष और चिंता बढ़ती जा रही है। आदेश के तहत सभी लीज धारकों को अब एक नई अंडरटेकिंग भरनी होगी, जिसे स्थानीय लीज धारक और उनके प्रतिनिधि अनुचित मान रहे हैं। एफसीआई वीएसएस एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने इस आदेश का पुरजोर विरोध किया है। इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। एसोसिएशन ने प्रबंधन को एक विरोध पत्र भी सौंपा, जिसमें आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने इस मुद्दे पर गहराई से विचार करने का आश्वासन दिया है। कहा कि वे जल्द ही सिंदरी का दौरा कर लीज धारकों की समस्याओं को सुनेंगे। उनसे आग्रह किया गया कि वे दौरे के दौरान एफसीआई गेट के सामने अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे सांसद के समक्ष रखें। वहीं, एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने लीज धारकों से अपील की है कि वे एकजुट होकर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करें।

### निगम की ओर से चलाये जा रहे पर्यावरण उत्सव का समापन

# धनबाद जिले को प्रदूषण मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य : उपायुक्त

### पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए ली जा रही तकनीकी मदद : नगर आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** न्यू टाउन हॉल में नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे पर्यावरण उत्सव का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डीसी माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिंफर के निदेशक, आईआईटी धनबाद के प्रोफेसर, बीबीएमकेयू के कुलपति शामिल हुए। जिन्हों संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। नगर आयुक्त ने बताया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत धनबाद नगर निगम ने 90 दिनों का पर्यावरण उत्सव मनाया। पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुए इस उत्सव में जिले में वृहत पैमाने




कार्यक्रम में उपस्थित डीसी माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा व अन्य।

पर पौधारोपण किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बीसीसीएल द्वारा खनन क्षेत्र में बनाये गये इको पार्क में धनबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को भ्रमण कराया गया। इस अवधि में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में पेंटिंग, डिबेट, इंटर स्कूल प्रोजेक्ट मेकिंग, आर्ट इंस्टॉलेशन, हैप्पी स्ट्रीट, नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मॉब सहित कई अन्य प्रतियोगिता करायी गयी। नगर आयुक्त ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने की दिशा में तकनीकी मदद ली जा रही है। कई आधुनिक मशीने खरीदी गई हैं। और भी खरीदी जाएंगीं। वहीं, डीसी ने बताया कि 90 दिनों तक मनाये गये पर्यावरण उत्सव के पीछे का मकसद पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है। जिसे लेकर जिला प्रशासन एवं धनबाद नगर निगम लगातार प्रयास कर रही है। हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में मिलजुल कर धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाना है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत इस दिन पर्यावरण उत्सव में 16 स्कूलों से प्रतिभागी बने बच्चों ने स्वच्छ हवा पर अपना-अपना मॉडल प्रदर्शित किया। जिसे डीसी ने भी सराहा। उन्होंने कहा कि यह बच्चे धनबाद के भविष्य हैं। उनकी प्रतिभा और सोच एक दिन अवश्य धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनायेगी। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक आदि थे।

## डीसी ने चलकरी में किया लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा मंगलवार को तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चलकरी में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में शामिल हुई। दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने चाहत आजीविका सखी मंडल, मां गायत्री आजीविका सखी मंडल एवं श्री गणेश आजीविका सखी मंडल के सदस्यों के बीच 12 लाख रुपए का चेक दिया। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, बच्चों को अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, एसएचजी सदस्यों के बीच आइडेंटी कार्ड सहित अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया।




डीसी ने कहा कि आदिम बिरहोर जनजाति को केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं व अन्य कई योजनाओं से अच्छादित करने के उद्देश्य से चलकरी में शिविर का आयोजन किया है। कहा कि शिविर में सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। लोगों को सभी स्टॉल में जाकर योजना की जानकारी लेकर उसका लाभ लेना चाहिए। इसके बाद डीसी ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित लोगों से उनकी समस्या को सुना, उनके आवेदन लेकर संबंधित पदाधिकारी को उसका समाधान करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, बीडीओ फणीश्वर रजवार, सीओ संजय कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह, यूआईडी मैनेजर अमित सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, टुंडी विधायक के प्रतिनिधि जगदीश चौधरी और उप मुखिया देवी आदि उपस्थित थे।

## गोमिया विधायक ने किया एंबुलेंस का उद्घाटन

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के हुरलुंग और बडकीसिधावारा पंचायत में विधायक की ओरर से दी गयी एंबुलेंस को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया गया है। जिसका मंगलवार को विधायक डॉ लंबोदर महतो ने उद्घाटन किया। बता दें कि चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में कई गांव उग्रवाद प्रभावित है, जहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कई मामलों को दूसरे बड़े अस्पतालों में मरीजों को रेफर किया जाता है। ग्रामीणों



के पास अत्याधुनिक एंबुलेंस नहीं होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी होती थी। पर अब मरीजों को एंबुलेंस में तमाम सुविधाएं उपलब्ध हो पाएगी। झुमरा पहाड़ पर बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते अक्सर लोगों को परेशान होना पड़ता है। उन्हें आधुनिक एंबुलेंस से काफी राहत मिलेगी। मौके पर मुखिया रितलाल महतो, कामेश्वर महतो, अर्जुन गंझु, नारायण महतो, टेकलाल कुमार महतो, जीवलाल महतो, अमृत महतो, चमन ठाकुर, पूर्व मुखिया डालचंद महतो, दिनेश महतो, टेकलाल महतो, हुलास महतो आदि थे।

### केशलपुरी कोलियरी में हथियारबंद अपराधियों का धावा

# केबल काटे जाने का विरोध करने वाले कर्मियों को जलाने का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** रामकनाली थाना क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर स्थित केशलपुर कोलियरी के दो नंबर सिम के भूमिगत खदान के हाजरी घर में सोमवार की देर रात हथियारबंद अपराधियों ने धावा बेल दिया। इस दौरान करीब दो घंटे तक जमकर उत्पात मचाया। ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाकर सबसे पहले हाजरी घर में लगे बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ दिया। इसके बाद हौलेज घर से पोल में लगे करीब बीस फीट केबल काट लिया और चलते बने। जाते-जाते अपराधियों ने हाजरी बाबू सहित चार अन्य कर्मियों को स्टोर रूम में



बंद कर उनके शरीर में कपड़ा लपेट कर आग लगाने का प्रयास भी किया। उधर, अपराधियों के जाने के बाद डरे सहमें कर्मी किसी तरह स्टोर रूम की खिड़की तोड़कर बाहर निकलें और घटना की सूचना प्रबंधन को दी। खबर पाते ही प्रबंधन नागदेव यादव सहित रामकनाली ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और कर्मियों से घटना की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि करात करीब एक से 1.30 बजे के बीच 20-25 हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोला था। हाजरी घर में मौजूद हाजरी बाबू सहित चार कर्मियों को गाली गलौज कर हथियार का भय दिखाकर बगल के स्टोर रूम में बंद कर दिया और हाजरी घर में लगे बायोमेट्रिक मशीन तोड़ दी। हाजरी घर के पीछे के दिवाल में सेंधमारी कर पंखा घर जाकर उसमें लगे लिड को काट दिया। हालांकि लिड अलमुनियम का होने के कारण उसे वहीं छोड़कर होलेज घर के पास पहुंचे और विद्युत पोल में लगे तांबे का केबल काट कर अपने साथ ले गए।

## झरिया-सिंदरी मार्ग में लगातार गोफ बनने से लोगों में भय

**झरिया।** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर सोमवार की रात बनियाहीर 4 नंबर में एक बार फिर गोफ बन गई। गोफ से कुछ देर तक गैस रिसाव भी हुआ। हालांकि बाद में बंद भी हो गया। गोफ के समीप ही सड़क में 10 फीट दरार पड़ गयी और जमीन धंस गयी। फिलहाल स्थानीय लोगों ने बैरिकेडिंग कर दिया है। उधर, बीसीसीएल अधिकारी को सूचना मिलते ही मंगलवार को प्रबंधन जेसीबी मशीन से मिट्टी डालकर भराई करना चाहे, लेकिन स्थानीय लोगों ने विरोध कर दिया।

Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,
AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219)
DISTRICT- RANCHI, Jharkhand
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312

TENDER CANCELLATION NOTICE

Due to unavoidable circumstances NIT No. -03/PR/JUUNL/2024-25 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 328431 Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri
PR 334550 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)#D

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk,
Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Short Notice

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**18**/24-25 Dated **31.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of -4-Lane Configuration road for Binod-Bihari Chowk to NH-2 road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Dhanbad in the state of Jharkhand.. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 60 Days |
| 3- | Tentative Length | 17.20 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 5,000/- (Rupees Five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 03.09.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.09.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 19.09.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders. gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .
PR.NO.334400 Road(24-25):D

## सीआइएसएफ ने चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जीसी एरिया में तैनात सीआइएसएफ के जवान की तत्परता से एक चोर को चोरी के कुछ टूल्स के साथ पकड़ा गया, जिसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मारफरी पुलिस को सौंप दिया गया। उसकी पहचान दिलीप शर्मा उर्फ कल्लू (35) के रूप में हुई है। वह वह बोकारो के माराफारी ताना क्षेत्र का ही रहने वाला है। बतातें चलें कि पिछले एक महीने में सीआइएसएफ की ओर से की जा रही कार्रवाई के चलते चोरों और प्लांट के अंदर काम कर रहे कुछ संदिग्ध कामगारों में दहशत का माहौल है। सीआइएसएफ के डीआइजी दिग्विजय कुमार सिंह ने बताया कि प्लांट को अपराध मुक्त करने के लिए सीआइएसएफ ने कमर कस ली है। प्लांट में गलत इरादे से प्रवेश करने वाले अपराधियों को बख्सा नहीं जाएग।

स्थानीय सूचना प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–707/भू0अ0 दिनांक–31/08/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.5550 ए0 यानि 0.2246 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है...........

ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 25 | 2 | रैयती | टांड तीन | 0.1360 | बकास्त लगान पाने वाला– शामीलात मालीकन खेवट सं0–2/4 | रास्ता | प्लॉट 2 अंश | रास्ता | प्लॉट 3 |
| 2 | 49 | 3 | रैयती | टांड तीन | 0.1010 | करमली खां वो नुर मोहम्मद खां वो जुमन खां पेशरान जमाल खां कौम–पैठान सा0–कटहाडीह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 3 अंश | प्लॉट 2 | सिमाना मौजा कटहाडीह |
| 3 | 48 | 9 | रैयती | टांड तीन | 0.0150 | उमर खं वो शुराब खां पेशरान वारीश खां 2 हिस्सा बहिस्सा बराबर वो तालेवर खां वो लतीफ खां पेशरान मुराद खां एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–पैठान सा0–कटहाडीह। | रास्ता | प्लॉट 9 अंश | प्लॉट 10 | रास्ता |
| 4 | 25 | 10 | रैयती | टांड तीन | 0.0670 | बकास्त लगान पाने वाला– शामीलात मालीकन खेवट सं0–2/4 | रास्ता | प्लॉट 10 अंश | प्लॉट 11 | प्लॉट 9 |
| 5 | 13 | 11 | रैयती | टांड तीन | 0.1030 | बकास्त लगान पाने वाला– अमीन खां खेवट सं0–2/2 | रास्ता | प्लॉट 11 अंश | प्लॉट 12 | प्लॉट 10 |
| 6 | 52 | 12 | रैयती | टांड तीन | 0.0010 | हशन खां वल्द बीरबली खां वो टेकन खां वल्द जीतन खां काम–पैठान सा0–कटहाडीह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 12 अंश | प्लॉट 12 अंश | प्लॉट 11 |
| 7 | 32 | 263 | रैयती | टांड तीन | 0.0070 | बकास्त लगान पाने वाला– | रास्ता | प्लॉट 263 अंश | प्लॉट 265 | प्लॉट 263 अंश |
| 8 | 36 | 265 | रैयती | टांड तीन | 0.0150 | सुखन पासी वल्द लखीद पासी कौम–पासी साकिन–गोद्दखर। | रास्ता | प्लॉट 265 अंश | प्लॉट 266 | प्लॉट 263 |
| 9 | 4 | 266 | रैयती | टांड तीन | 0.0200 | अमर खां वल्द हुदी खां कौम–पैठान साकिन–कटहाडीह। | रास्ता | प्लॉट 266 अंश | प्लॉट 267 | प्लॉट 265 |
| 10 | 34 | 267 | रैयती | टांड तीन | 0.0180 | जमएत खां वल्द भीखन खां कौम–पैठान साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 267 अंश | रास्ता | प्लॉट 266 |
| 11 | 42 | 361 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0370 | जमियात खां वल्द भीखा खां | रास्ता | प्लॉट 361 अंश | प्लॉट 363 | रास्ता |
| 12 | 49 | 363 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0150 | करमली खां वो नुर मोहम्मद खां वो जुमन खां पेशरान जमाल खां कौम–पैठान सा0–कटहाडीह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 363 अंश | प्लॉट 365 | प्लॉट 361 |
| 13 | 34 | 365 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0200 | जमएत खां वल्द भीखन खां कौम–पैठान साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 365 अंश | सिमाना मौजा कटहाडीह | प्लॉट 363 |
| | | | | कुल– | 0.5550 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह– उपायुक्त, कोडरमा।

PR 334540 Land Reforms(24-25)D

# पीएम मोदी ब्रुनेई पहुंचे, क्राउन प्रिंस ने किया स्वागत

## प्रवासी भारतीयों में भारी उत्साह : किंग 16 लाख में दाढ़ी बनवाते हैं, इनके पास 7 हजार गाड़ियों का काफिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार दोपहर 3 बजे 2 दिन के दौरे पर ब्रुनेई पहुंचे। एयरपोर्ट पर क्राउन प्रिंस हाजी अल-मुहतादी बिल्लाह ने उनका रेड कार्पेट वेलकम किया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान के होटल में भारतीय समुदाय के लोगों ने भी उनका स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ब्रुनेई दौरा है। दोनों देशों के बीच 2024 में राजनयिक संबधों के 40 साल पूरे हुए हैं। पीएम मोदी ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसन अल-बोल्कैया के निमंत्रण पर यहां आये हैं। दुनिया के सबसे बड़े महल 'इस्ताना नुरुल इमान' में उनका स्वागत किया गया।

**हाइड्रोकार्बन और प्राकृतिक गैस आयात:** भारत ब्रुनेई से हाइड्रोकार्बन आयात कर रहा है और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। पीएम मोदी के दौरे के दौरान इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी।

**द्विपक्षीय व्यापार-निवेश :** भारत ने ब्रुनेई के हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में 270 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। प्राकृतिक गैस की जरूरतें पूरी करने के लिए इसे और बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थ पर भी आपसी सहयोग बढ़ाने की कोशिश पर भी चर्चा होगी। भारत, म्यांमार की स्थिति पर चर्चा करेगा।

भारत, ब्रुनेई के साथ समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर देगा। भारत दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ साझेदारी को मजबूत करने की कोशिशों में लगा है। इसके जरिए भारत इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को काउंटर करना चाहता है।

ब्रुनेई एक समुद्री सीमा वाला देश है। देश की उत्तरी सीमा साउथ चाइना से लगती है। साउथ चाइना सी को लेकर ब्रुनेई का भी चीन के साथ विवाद है।



### बाल कटवाने पर महीने में 16 लाख का खर्चा, लंदन से आता है नाई

ब्रुनेई जैसे छोटे से देश में सुल्तान सबसे शक्तिशाली व्यक्ति होने के साथ-साथ सबसे अमीर राजाओं में भी हैं। 1980 तक वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। फोर्ब्स के मुताबिक, बोल्कैया की कुल संपत्ति 2008 में 1.4 लाख करोड़ रुपए थी। उसके बाद का कोई ब्योरा सार्वजनिक नहीं है। द टाइम्स यूके के अनुसार, बोल्कैया बाल कटवाने पर लगभग 16 लाख रुपए खर्च करते हैं। उनके हेयर स्टाइलिश महीने में दो बार प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से बुलाये जाते हैं।

### आलीशान जिंदगी जीते है सुल्तान

बोल्कैया ब्रुनेई के 29वें सुल्तान हैं। 1984 में अंग्रेजों के जाने के बाद से वे ब्रुनेई के प्रधानमंत्री पद पर भी हैं। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के बाद बोल्कैया सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले राजा हैं। उन्होंने 2017 में 50 साल राज करने पर गोल्डन जुबली मनायी थी। ब्रुनेई जैसे छोटे से देश में सुल्तान सबसे शक्तिशाली व्यक्ति होने के साथ-साथ सबसे अमीर राजाओं में भी हैं। 1980 तक वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। फोर्ब्स के अनुसार, बोल्कैया की कुल संपत्ति 2008 में 1.4 लाख करोड़ रुपये थी। सुल्तान की विलासिता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने राजा बनने के बाद 50 अरब रुपये का महल बनवाया। इस महल को 'इस्ताना नुरुल इमान' के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा सुल्तान के पास 7 हजार कारें हैं।

# पश्चिम ओड़िशा में हाइकोर्ट बेंच की स्थापना विचाराधीन: मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विधानसभा में स्पष्ट किया कि पश्चिम ओड़िशा में हाइकोर्ट बेंच की स्थापना का मामला सरकार के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को त्वरित न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कल जो जवाब दिया गया, वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक था। राज्य में हाइकोर्ट बेंच स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कल कहा था कि उच्चतम न्यायालय की राय में बेंच की स्थापना का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को विधायक कलिकेश नारायण सिंहदेव के एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही।

इस बीच, बीजद विधायक कलिकेश ने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री को प्रतिश्रुति देना चाहिए कि उच्च न्यायालय की बेंच कब स्थापित की जायेगी। कल उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आधार पर कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि मंगलवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने का मुद्दा सरकार के विचाराधीन है।

# राजधानी की 30 एकड़ बेशकीमती जमीन पर दूसरों का कब्जा है: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी की बेशकीमती जमीन पर जबर दखल कारियों के कब्जे में है। राजधानी में करीब 30 एकड़ जमीन जबर दखल कारियों के कब्जे में है। आवास एवं शहरी विकास मंत्री कृष्णचंद्र महापात्र ने मंगलवार को विधानसभा में लिखित जवाब दिया है। सबसे अधिक सामपुर मौजा में 27 एकड़ जमीन जबर दखल कारियों की कब्जे में है। हाइकोर्ट में जबर दखलकारियों के खिलाफ 16 मामले लंबित हैं। मंत्री ने कहा कि गाड़कण में दो एकड़ और चंद्रशेखरपुर में डेढ़ एकड़ जमीन जबर दखल कारियों के कब्जे में है।

# ओड़िशा में बीजेपी का सदस्यता ग्रहण समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** बीजेपी प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान की शुरूआत हो चुकी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और दो उप मुख्यमंत्रियों सहित राज्य मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, विधायक और राज्य पदाधिकारी शामिल हुए और सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लेकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल समेत उपमुख्यमंत्री केवी सिंहदेव और प्रभाती परिडा, प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री जूएल ओराम समेत विधायकों और सांसदों ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन माझी ने नये ओड़िशा के निर्माण का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं से एक करोड़ लोगों को भाजपा में जोड़ने के लिए लोगों के बीच जाने को कहा है।

हमें टीम का हिस्सा होने पर गर्व है। फिर से सदस्य बनें। यह 18 करोड़ सदस्यों की पार्टी बन गई है। 42 लाख सदस्यों के साथ सरकार बनी थी। हमारे लिए जीत और हार कोई बड़ी बात नहीं है। संगठन हमसे बड़ा है। सरकार और संगठनों को जोड़ कर रखना है। अगर आपकी उम्र 18 साल से ज्यादा है तो आप बीजेपी से जुड़ सकते हैं। आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से सदस्य बन सकते हैं। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर नमो ऐप, क्यूआर कोड के साथ सदस्यता अभियान को पूरा करेगा। बीजेपी हर 6 साल में एक बार प्राथमिक सदस्यता अभियान चलाती है। बीजेपी का लक्ष्य इस अभियान में हर वर्ग के लोगों को शामिल करना है। बीजेपी ने कहा है कि यह अभियान इस महीने की 25 तारीख तक और 2 से 15 अक्टूबर तक चलेगा।

# बर्ड फ्लू को लेकर आज हालात का जायजा लेने आयेगी केंद्रीय टीम

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में बर्ड फ्लू बेकाबू होता देख केंद्रीय टीम हालात का जायजा लेने आ रही है। पूरी जिले के पिपिली इलाके में जहां बर्ड फ्लू फैल रहा है, वहां स्थिति की जांच करने के लिए केंद्रीय टीम बुधवार को आयेगी। पिपिली इलाके का दौरा करेगी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेगी। स्वास्थ्य निदेशक विजय महापात्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रापड़ा में आव मृत मुर्गियों के बाद नमूना परीक्षण के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने और मुर्गी फार्मों में काम करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।



शंकर प्रताप देव इंटरमीडिएट महाविद्यालय, नगर उंटारी
जिला गढ़वा (झारखण्ड)
( झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा मान्यता प्राप्त)
स्थापित - 1982

आवश्यकता

शंकर प्रताप देव +2 इंटर महाविद्यालय, नगर उंटारी में निम्न रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु

शंकर प्रताप देव +2 इंटर महाविद्यालय, नगर उंटारी में निम्न रिक्त पदों - प्राचार्य, व्याख्याता, लेखापाल, कंप्यूटर सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है ।

| पद | पदों की संख्या | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|
| प्राचार्य | 1 | स्नातकोत्तर में न्यूनतम 60 % अंक एवं बी. एड<br>अनुभव - डिग्री महाविद्यालय में न्यूनतम 07 वर्षो का अथवा किसी मान्यता प्राप्त +2 इंटर महाविद्यालय में 12 वर्षो का शिक्षण अनुभव |
| व्याख्याता जीव विज्ञान | 1 | सम्बंधित विषय में स्नातकोतर में न्यूनतम 45% अंक एवं बी. एड |
| व्याख्याता रसायन विज्ञान | 1 | |
| व्याख्याता वाणिज्य | 1 | |
| व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान | 1 | |
| व्याख्याता अंग्रेजी | 2 | |
| व्याख्याता भूगोल | 1 | |
| व्याख्याता हिंदी | 2 | |
| व्याख्याता इतिहास | 1 | |
| व्याख्याता गृह विज्ञान | 1 | |
| व्याख्याता राजनीति विज्ञान | 1 | |
| व्याख्याता भौतिक विज्ञान | 1 | |
| व्याख्याता मनोविज्ञान | 1 | |
| व्याख्याता संस्कृत | 1 | |
| व्याख्याता समाजशास्त्र | 1 | |
| व्याख्याता उर्दू | 1 | |
| लेखापाल | 1 | वाणिज्य विषय में स्नातक |
| कंप्यूटर सहायक | 1 | B.C.A |

अभ्यर्थी आवेदन के साथ शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक तथा अनुभव प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा 700/- (सात सौ रुपये) का डिमांड ड्राफ्ट Secretory S P D +2 Inter College, Nagar Untari, Payable at Nagar Untari के नाम से बनाकर दिनांक 30.09.2024 तक Speed Post या Registered Post के माध्यम से प्रेषित करेंगे।

आवेदन पत्र भेजने का पता
राज राजेंद्र प्रताप देव
सचिव, शंकर प्रताप देव +2 इंटर महाविद्यालय, नगर उंटारी
जिला गढ़वा, पिन - 822121

पत्रांक : 17/24
दिनांक : 03/09/2024

सचिव
शंकर प्रताप देव +2 इंटर महाविद्यालय
नगर उंटारी

# पूर्व तट रेलवे ने केके लाइन पर विशेष हिल गैंग और सुरंग रख-रखाव टीम तैनात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** चुनौतीपूर्ण मानसून के मौसम के दौरान निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए, पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) ने लौह अयस्क यातायात के लिए महत्वपूर्ण कोत्तावलसा-किरंदुल (केके) लाइन पर सक्रिय उपायों की एक श्रृंखला लागू की है। घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों द्वारा उत्पन्न अद्वितीय चुनौतियों को पहचानते हुए पूर्व तट रेलवे ने विशेष हिल गैंग और एक समर्पित सुरंग रखरखाव टीम का गठन किया है।

इस गर्मी में अरुणाचल प्रदेश में रक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय पर्वतारोहण संस्थान में 20 से अधिक स्टाफ सदस्यों ने उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस पहल के आधार पर, इंजीनियरिंग, ट्रैक्शन और दुर्घटना राहत विभागों के अतिरिक्त 30 कर्मियों को अक्टूबर में उसी संस्थान में विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। विशेष रूप से केके लाइन के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी व्यवधान को तुरंत संबोधित करने के लिए इन टीमों को नये आपातकालीन उपकरणों और संचार प्रणालियों से लैस करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

ट्रैक रखरखाव क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए, पूर्व तट रेलवे ने बोड्डावारा-बोरागुहालु घाट खंड में प्रायोगिक आधार पर एक नयी ट्रैक मटेरियल रिलीफ ट्रेन शुरू की है। श्रृंगावरापुकोटा स्टेशन पर स्थित, यह ट्रेन अराकू में मौजूदा सुविधा का पूरक है और प्रोक्लेन, कंप्रेसर और पिऊमेटिक ब्रेकर जैसे आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित है। यह रणनीतिक प्लेसमेंट बोल्डर अवरोधों या अन्य ट्रैक-संबंधी आपात स्थितियों के मामले में प्रतिक्रिया समय को काफी कम कर देगा। सुरक्षा उपायों को जोड़ते हुए, हाइड्रोलिक रीरेलिंग उपकरण और आवश्यक सामग्रियों से सुसज्जित एक नया फ्लाइंग दस्ता अराकू में तैनात किया गया है। यह दस्ता ट्रेन संचालन में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करते हुए आपात स्थिति से तेजी से निपटने के लिए तैयार है।

# भद्रक-विजयनगरम तीसरी लाइन विस्तार के तहत ओड़िशा में रेलवे पुलों का निर्माण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रेल मंत्रालय को एक महत्वपूर्ण परियोजना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। भद्रक-बिजयनगरम रेलवे खंड (385 किमी) के बीच रणनीतिक तीसरी लाइन विस्तार के हिस्से के रूप में निर्गुंडी और बारंग रेलवे खंडों के बीच महानदी, बिरूपा, काठजोड़ी और कुआखाई नदियों पर चार प्रमुख रेलवे पुलों का निर्माण शुरू होने वाला है। निर्गुंडी और बारंग के बीच 22 किलोमीटर की दूरी में 04 महत्वपूर्ण नदी पुलों के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। परियोजना में इपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) मोड पर महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचागत संपत्तियों को वितरित करने के लिए सर्वोत्तम इंजीनियरिंग प्रथाओं का पालन किया जाता है। इस परियोजना के अंतर्गत विशिष्ट महत्वपूर्ण नदी पुल हैं: ब्रिज नंबर 539 बिरुपा नदी पर 16X30.5 मीटर का खुला वेब स्टील गर्डर पुल; ब्रिज नंबर 544 महानदी पर 32X65.84 मीटर का ओपन वेब स्टील गर्डर पुल; ब्रिज नंबर 553 काठजोड़ी नदी पर 18X45.70 मीटर का खुला वेब स्टील गर्डर पुल; ब्रिज नंबर 557: कुआखाई नदी पर 20X45.70 मीटर का खुला वेब स्टील गर्डर पुल।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**